इंदौर, शुक्रवार 29 मई 2026
■ वर्ष : 5 ■ अंक : 182
■ पृष्ठ : 6 ■ मूल्य : 2
dainikindoresanket.com
dainikindoresanket
dainikindoresanket
dainikindoresanket24@gmail.com

सांध्य दैनिक

# इंदौर संकेत

आरएनआई - एमपीएचआईएन/2021/81650



राष्ट्रपिता को नमन...

## अंदर के पन्नों पर...

भाजपा की ट्रेनिंग में कार्यकर्ताओं की होगी परीक्षा



पेज-2

चर्चा का विषय बनी 'सेवन एंड ए हाफ डेट्स'



पेज-5

15 जून तक रहेगा ग्रीष्म अवकाश



पेज-6

# राज्यसभा चुनाव के लिए प्रदेश से नाम भेजे दिल्ली

## विजयवर्गीय, अरविंद भदौरिया, संघ से अभय महाजन, महेश शर्मा

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**भोपाल** • राज्यसभा की 26 सीटों के लिए 18 जून को मतदान होगा। इसी दिन रिजल्ट आने की भी संभावना है। इनमें मध्य प्रदेश की तीन सीटें भी शामिल हैं। बीजेपी के कब्जे वाली दो सीटों पर अभी केंद्रीय राज्यमंत्री जॉर्ज कुरियन और डॉ. सुमेर सिंह सोलंकी सांसद हैं। वहीं, कांग्रेस की एक सीट पर दिग्विजय सिंह दूसरी बार के सांसद हैं।

बीजेपी की तरफ से उम्मीदवारों के नाम का ऐलान अगले 3-4 दिन में होने की पूरी संभावना है। पार्टी की मध्य प्रदेश इकाई ने केंद्रीय नेतृत्व को संभावित उम्मीदवारों के नाम की लिस्ट सौंप दी है। इस बार सामान्य वर्ग के उम्मीदवार को बीजेपी की ओर से राज्यसभा भेजने पर मंथन चल रहा है। हालांकि, लिस्ट में सभी वर्गों के नेताओं के नाम शामिल हैं।

विजयवर्गीय ने राष्ट्रीय राजनीति में जाने की इच्छा जताई




बीजेपी के अंदरूनी सूत्रों के मुताबिक, मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, पूर्व मंत्री अरविंद भदौरिया, नरोत्तम मिश्रा, अखंड प्रताप सिंह, जीएस डामोर राज्यसभा के संभावित उम्मीदवारों की लिस्ट में शामिल हैं। महिला कोटे से रंजना बघेल का नाम है। वहीं, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की ओर से दीनदयाल शोध संस्थान के अध्यक्ष अभय महाजन और झाबुआ के जनजातीय क्षेत्र में संघ का काम संभालने वाले महेश शर्मा के नाम भी रेस में हैं।

***एससी वर्ग से लाल सिंह रेस में***–*राज्यसभा चुनाव के लिए बीजेपी अनुसूचित जाति मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष लाल सिंह आर्य का नाम भी दिल्ली भेजा गया है। पूर्व मंत्री लाल सिंह आर्य 3 बार भिंड जिले की गोहद सीट से विधायक रहे हैं। यदि बीना विधायक निर्मला सप्रे और भारत आदिवासी पार्टी के विधायक कमलेश्वर डोडियार का समर्थन बीजेपी को मिल जाता है, तो पार्टी को कांग्रेस से केवल 8 और विधायकों के वोटों की जरूरत होगी।*

### तीसरा कैंडिडेट उतारने के मूड में नहीं बीजेपी

मध्य प्रदेश कोटे की तीसरी राज्यसभा सीट पर कांग्रेस का कब्जा है। बीजेपी फिलहाल इस सीट पर कैंडिडेट उतारने के मूड में नहीं हैं। केंद्रीय नेतृत्व ने भी इस सीट पर उम्मीदवार उतारने को लेकर कोई भी बयानबाजी करने से बचने की सलाह दी है।

### तीसरी सीट के लिए रणनीति क्यों बदली

राज्यसभा में मध्य प्रदेश की तीसरी सीट के लिए बीजेपी ने अपनी रणनीति इसलिए बदली है क्योंकि कांग्रेस के पास 63 वोट हैं, जो जीत के आंकड़े 58 से 5 अधिक हैं। बीजेपी को तीसरी सीट जीतने के लिए कांग्रेस खेमे से 10 विधायकों का समर्थन चाहिए। यदि ऐसा होता है तो बीजेपी का आंकड़ा 58 पहुंच जाएगा जबकि कांग्रेस 53 पर आ जाएगी।



# एमवाय में नहीं थमी लापरवाही फिर मिला मासूम का शव

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** • एमवाय अस्पताल में आज सुबह एक नवजात का शव मिला। शव इमरजेंसी वार्ड के सामने बने बाथरूम में मिला। सूचना मिलने के बाद एमवाय चौकी पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। पुलिस के मुताबिक सुबह कुछ लोग बाथरूम पहुंचे थे। इसी दौरान उन्होंने वहां एक नवजात का शव पड़ा देखा। लोगों ने तुरंत मौके पर मौजूद सुरक्षा गार्ड को इसकी जानकारी दी। इसके बाद सफाई कर्मचारियों की मदद से शव को बाहर निकाला गया। शुरुआती जानकारी में नवजात की उम्र करीब तीन महीने बताई जा रही है। शव को अस्पताल के ष्टा।स्ह्र कक्ष में रखवाया गया। बाद में पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए मर्चुरी भिजवा दिया।

**अस्पताल में मौजूद सुरक्षाकर्मी और कर्मचारियों की लापरवाही**–बाथरूम गए कुछ लोगों की नजर जब उस बेजान मासूम पर पड़ी, तब जाकर इस सोए हुए अस्पताल प्रशासन में थोड़ी हलचल हुई। लोगों ने तुरंत वहां तैनात 'कुंभकर्णी नींद' में सो रहे सुरक्षा गार्ड को जगाया, जिसके बाद सफाई कर्मचारियों की मदद से शव को बाहर घसीटकर निकाला गया। धन्य है यहाँ की वो हाई-टेक सिक्योरिटी और दीवारों पर शोपीस बनकर टंगे सीसीटीवी कैमरे! अस्पताल में चारों तरफ गार्ड्स की फौज खड़ी रहती है, तीसरी आंख का पहरा होने का दावा किया जाता है, लेकिन कोई बाहरी शख्स आकर इमरजेंसी जैसे संवेदनशील इलाके के बाथरूम में लाश फेंक जाता है और इन 'महान' गार्ड्स को भनक तक नहीं लगती। कलेजा कांप जाता है यह सोचकर कि लोग यहाँ इलाज कराने आते हैं या अपनी मौत का तमाशा बनवाने? घटना के बाद हमेशा की तरह पुलिस और अस्पताल के 'वरिष्ठ साहब लोग' मर्चुरी और सीएचएमओ कक्ष के चक्कर काटकर जांच का भारी-भरकम ढोंग रच रहे हैं।

## न्यूज ब्रीफ

- अमेरिकी रक्षा सचिव का ईरान को संदेश, कहा- समझौता करो, वरना परिणाम भुगतने के लिए तैयार रहो
- बिहार सीएम सम्राट चौधरी का दिल्ली दौरा, आज बीजेपी के शीर्ष नेताओं से मुलाकात संभव
- बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन उत्तराखंड दौरे के दूसरे दिन कई अहम कार्यक्रमों में होंगे शामिल
- कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया का इस्तीफा राज्यपाल ने स्वीकार किया
- उत्तर प्रदेश : हमीरपुर जिले में निर्माणाधीन पुल ढहने से 6 मजदूरों की मौत
- रोमानिया : मारामुरेश काउंटी के बासेस्टी इलाके में मिला ड्रोन
- नीट पेपर लीक मामले पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई आज
- यूपी कांग्रेस आज प्रदेश के सभी मंडलों में प्रेस कॉन्फ्रेंस करेगी
- नासिक : धर्मांतरण और छेड़छाड़ के 8 और केस में पुलिस ने दाखिल की चार्जशीट

# नोटिफिकेशन नहीं हुआ तो छावनी में फिर चल सकता है बुलडोजर

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** • छावनी रोड पर तोड़फोड़ को लेकर मामला गरमाया हुआ है। एक तरफ रहवासी निगम प्रशासन पर आरोप लगा रहे हैं कि उन्होंने 60 फीट के बजाय 80 फीट के हिसाब से तोड़फोड़ की। वहीं कुछ विशेषज्ञ संभावना जता रहे हैं कि अगर इस रोड को 60 फीट के हिसाब से बनाया जाना है तो एक नोटिफिकेशन जारी किया जाना चाहिए। अगर किसी कारणवश नोटिफिकेशन नहीं किया जा सकता है तो निश्चित तौर पर छावनी रोड पर एक बार फिर निगम का बुलडोजर चल सकता है। इसका कारण यह बताया जा रहा है कि मास्टर प्लान में यह सड़क 80 फीट की है।



विदित है कि अभी 60 फीट के हिसाब से दुकानें तोड़ी गई हैं, जबकि नोटिफिकेशन 80 फीट का ही है। 60 फीट का नोटिफिकेशन नहीं होने से कभी भी फिर तोड़फोड़ हो सकती है। मास्टर प्लान में यह रोड 80 फीट की ही है, लेकिन रहवासियों के आरोप है कि जनता के साथ धोखा करते हुए अभी 60 फीट के मान से तोड़फोड़ करवाई है। जनप्रतिनिधियों ने हालांकि जनता को आश्वस्त किया है कि रोड 60 फीट की ही बनेगी, लेकिन जब तक गजट नोटिफिकेशन नहीं होता है... सड़क मास्टर प्लान में 80 फीट की ही रहेगी और कभी भी फिर तोड़फोड़ की संभावना बन सकती है। अब छावनी के मकान मालिकों, दुकानदारों इस प्रयास में है कि जनप्रतिनिधियों पर दबाव बनवाएं कि इस सड़क को 60 फीट का ही रखने का गजट नोटिफिकेशन करवाया जाए।

# नौतपा के पांचवे दिन तापमान में गिरावट, 31 मई से बारिश के आसार

## प्री-मानसून एक्टिविटी शुरू होने की संभावना

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** • आज सुबह तापमान में गिरावट नजर आई, कल देर रात से ही मौसम में हल्की ठंडक महसूस की गई, सुबह से ही बादल छाए नजर आए। लेकिन कल नौतपा के दौरान शहर में भीषण गर्मी का दौर जारी रहा। सुबह से ही तेज धूप और गर्म हवाओं ने लोगों को परेशान करना शुरू कर दिया। अधिकतम तापमान 41.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जबकि रात का तापमान 26.9 डिग्री सेल्सियस रहा, जो सामान्य से दो डिग्री अधिक है।



नौतपा के पांचवे दिन दोपहर में झुलसाने वाली धूप के कारण सड़कों पर सन्नाटा नजर आया। लोग सुबह के समय ही जरूरी काम निपटाते दिखे और बाजारों में आवाजाही कम हो गई। दिन के साथ रात में भी गर्मी से लोगों को राहत नहीं मिल रही है। मौसम विभाग के अनुसार अगले 48 घंटे तक गर्मी के तेवर बने रहेंगे। 29 मई के बाद मौसम में बदलाव की संभावना है। आसमान में बादल छाने, तेज हवा, आंधी और बारिश के आसार जताए गए हैं। इसके साथ जिले में प्री-मानसून गतिविधियां शुरू होने की संभावना भी व्यक्त की गई है। मौसम वैज्ञानिकों के मुताबिक 31 मई से शहर में बारिश शुरू हो सकती है, जो 3 जून तक जारी रहने की संभावना है। बारिश से तापमान में गिरावट आएगी और लोगों को गर्मी से राहत मिलेगी। साथ ही अच्छी बारिश होने पर जल संकट से भी राहत मिलने की उम्मीद है। विशेषज्ञों ने लोगों को पर्याप्त पानी पीने, यात्रा के दौरान पानी साथ रखने और छाछ, ओआरएस, लस्सी, नींबू पानी व आम पना जैसे पेय पदार्थों का सेवन करने की सलाह दी है।

**नया शक्ति केन्द्र** — विधायक गोलू शुक्ला अपनी पकड़ भोपाल, दिल्ली तक बनाने में जुटे हुए

# कैलाश के बाद गोलू मजबूत नेता के रूप में उभर रहे हैं

**आशीष गुप्ता : 9425064357**

**इंदौर • दैनिक इंदौर संकेत**

इंदौर की राजनीति हमेशा से प्रदेश की सत्ता का केंद्र मानी जाती रही है। यहां से उठने वाली राजनीतिक हलचल का असर भोपाल से लेकर दिल्ली तक दिखाई देता है। लंबे समय तक इंदौर बीजेपी की राजनीति का सबसे प्रभावशाली चेहरा कैलाश विजयवर्गीय रहे हैं, लेकिन अब पार्टी के भीतर एक नया नाम तेजी से अपनी राजनीतिक जमीन मजबूत करता दिखाई दे रहा है विधायक गोलू शुक्ला।



पहली बार विधायक बनने के बावजूद गोलू शुक्ला ने जिस गति से संगठन और सत्ता के गलियारों में अपनी मौजूदगी दर्ज कराई है, उसने उन्हें इंदौर बीजेपी की राजनीति में तेजी से उभरते शक्ति केंद्र के रूप में स्थापित कर दिया है। राजनीतिक जानकारों का मानना है कि वे केवल विधानसभा क्षेत्र तक सीमित नेता नहीं रहना चाहते, बल्कि आने वाले समय में प्रदेश स्तर की राजनीति में बड़ी भूमिका निभाने की तैयारी कर रहे हैं। वैसे तो इंदौर के बीजेपी नेताओं के लिए भोपाल की परिक्रमा करना हमेशा आसान रहा है। प्रदेश में इंदौर का विशेष राजनीतिक और आर्थिक महत्व होने के कारण यहां के नेताओं को सत्ता और संगठन दोनों में प्राथमिकता मिलती रही है, लेकिन गोलू शुक्ला की खास बात यह है कि उन्होंने बेहद कम समय में वर्तमान सत्ता नेतृत्व तक अपनी सीधी पहुंच बना ली है। मुख्यमंत्री कार्यालय से लेकर प्रदेश संगठन तक उनकी सक्रियता लगातार बढ़ती दिखाई दे रही है।

बीजेपी के अंदर यह चर्चा भी है कि गोलू शुक्ला ने केवल भोपाल तक ही खुद को सीमित नहीं रखा, बल्कि अब वे दिल्ली में भी अपनी राजनीतिक पहचान मजबूत करने में जुटे हुए हैं। केंद्रीय नेतृत्व से मुलाकातों और राष्ट्रीय स्तर के नेताओं के साथ बढ़ते संपर्कों को उनकी लंबी राजनीतिक रणनीति के रूप में देखा जा रहा है। पार्टी के कार्यक्रमों, सामाजिक आयोजनों और संगठनात्मक बैठकों में उनकी सक्रिय मौजूदगी ने उन्हें युवा और आक्रामक शैली वाले नेता के रूप में स्थापित किया है।

हालांकि इंदौर बीजेपी की राजनीति में कई वरिष्ठ और अनुभवी चेहरे मौजूद हैं, लेकिन मौजूदा दौर में जिस तेजी से गोलू शुक्ला का राजनीतिक कद बढ़ रहा है, उसने पार्टी के भीतर नई चर्चाओं को जन्म दे दिया है। आने वाले समय में उन्हें संगठन या सत्ता में बड़ी जिम्मेदारी मिलती है या नहीं, यह भविष्य तय करेगा, लेकिन फिलहाल इतना जरूर साफ दिखाई दे रहा है कि इंदौर बीजेपी में कैलाश विजयवर्गीय के बाद यदि किसी नेता की चर्चा सबसे ज्यादा हो रही है, तो वह नाम गोलू शुक्ला का है।

### बन सकते हैं पार्टी का बड़ा चेहरा

इंदौर बीजेपी की राजनीति में लंबे समय से यह माना जाता रहा है कि कैलाश विजयवर्गीय के बाद ऐसा कोई नेता सामने नहीं आया जो संगठन और सत्ता दोनों में समान प्रभाव रखता हो। लेकिन अब गोलू शुक्ला को लेकर कार्यकर्ताओं के बीच जिस तरह की चर्चा और स्वीकार्यता दिखाई दे रही है, उससे यह संकेत साफ मिल रहे हैं कि वे आने वाले समय में पार्टी के बड़े चेहरों में गिने जा सकते हैं। राजनीतिक विश्लेषकों का कहना है कि गोलू शुक्ला की सबसे बड़ी ताकत उनकी कार्यकर्ताओं के बीच लगातार सक्रियता और सत्ता से सीधा संवाद है। वे खुद को केवल पारंपरिक राजनीति तक सीमित नहीं रखते, बल्कि सोशल मीडिया, जनसंपर्क और संगठनात्मक नेटवर्किंग के जरिए भी अपनी मजबूत उपस्थिति बना रहे हैं। यही वजह है कि बीजेपी के अंदर युवा कार्यकर्ताओं का एक बड़ा वर्ग उन्हें भविष्य के प्रभावशाली नेता के रूप में देखने लगा है।

# चुनाव दूर पर कांग्रेस में अभी से ही सीएम फेस को लेकर शुरू ट्रेलर





**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**भोपाल** • मध्यप्रदेश में विधानसभा चुनाव अभी दूर हैं, लेकिन कांग्रेस नेताओं का कॉन्फिडेंस अभी से हाई नजर आ रहा है। पार्टी के कई नेता यह दावा करते दिखाई दे रहे हैं कि 2028 में प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनेगी। इसी के साथ पार्टी के भीतर सीएम फेस की रेस शुरू हो गई है।

नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार के समर्थक सोशल मीडिया पर उन्हें मुख्यमंत्री के तौर पर प्रोजेक्ट कर रहे हैं। 'अपना तो बस उमंग सिंघार' नाम के एक सोशल मीडिया अकाउंट से उनका फोटो शेयर किया गया है। पोस्ट में उमंग सिंघार को सीएम की कुर्सी पर दिखाया गया है। उनके सामने रखी नेम प्लेट पर 'माननीय उमंग सिंघार, मुख्यमंत्री, मध्यप्रदेश' लिखा नजर आ रहा है। बैकग्राउंड में 'कैबिनेट बैठक मध्य प्रदेश सरकार' लिखा दिख रहा है। पोस्ट के टाइटल में लिखा है- 'अगला मुख्यमंत्री, उमंग सिंघार।' वहीं, कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी के समर्थकों ने भी उन्हें सीएम फेस के तौर पर प्रोजेक्ट करना शुरू कर दिया है। 'गोलू गोस्वामी' नाम के अकाउंट से जीतू पटवारी का एक वीडियो शेयर किया गया, जिसका टाइटल दिया गया- 'मध्य प्रदेश के अगले मुख्यमंत्री जीतू पटवारी।' वीडियो में जीतू पटवारी नजर आ रहे हैं। बैकग्राउंड ऑडियो में एक डायलॉग सुनाई दे रहा है- 'सरकार गिराने जा रहे हैं हम बहुत जल्दी। सीएम साहब तो गए समझिए। अगले सीएम आपके सामने बैठे हैं।'

न्यूज ब्रीफ

## ट्रैफिक सिग्नल का समय कम करें-सांसद

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● भीषण गरमी में चौराहों पर गाड़ियां रुक नहीं रही हैं। कई चौराहों पर ट्रैफिक सिग्नल का समय ज्यादा है। टू-व्हीलर सवार के लिये परेशानी है। ट्रैफिक सिग्नल का समय कम किया जाए। सांसद शंकर लालवानी ने ट्रैफिक डीसीपी से मांग की है कि तेज धूप में चौराहों पर ज्यादा देर रुकना कष्टदायक है। कई चौराहों पर दो मिनिट से ज्यादा का समय है। इतनी देर धूप में खड़ा रहना ठीक नहीं है। जो लोग नियमों का पालन करते हैं, वे परेशान हो रहे हैं। बाकी ट्रैफिक सिग्नल पर रुकते ही नहीं हैं। डीसीपी का कहना था कि टाइमिंग कम करने से बार-बार जाम लगेगा। सांसद ने कहा कि कुछ चौराहों पर ट्रायल कर देखें। ट्रैफिक न बिगड़े तो गरमी तक राहत दी जा सकती है। चौराहों पर हेलमेट मुहिम को चार नम्बर की विधायक के हल्ले के बाद बंद हो गई है। भरी दोपहरी में पुलिस चालान काट रही थी।

## शराब ठेकेदार और विधायक के समर्थक में हुई भिड़त

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● राजेंद्र नगर थाना क्षेत्र में बुधवार रात गोली चलने की घटना से इलाके में हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची, लेकिन तब तक दोनों पक्ष वहां से जा चुके थे। पुलिस ने मामले में शराब ठेकेदार के गार्ड के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। एडिशनल डीसीपी जोन-1 सुमित केरकेट्टा के मुताबिक विवाद भाजपा विधायक के समर्थकों और शराब ठेकेदार के बीच शुरू हुआ। विधायक समर्थक भानू सिसोदिया उर्फ छोटा भानू ने शराब ठेकेदार सिद्धार्थ जायसवाल से बात कर पानी और नमकीन की दुकान ली थी। इस दुकान का संचालन भानू का साथी किशोर मराठा कर रहा था। कुछ दिन पहले दुकान के आसपास कचरा फैलने पर नगर निगम ने ठेकेदार पर जुर्माना लगाया था, जिसके बाद ठेकेदार दुकान हटाने का दबाव बना रहा था। बुधवार रात भानू को सूचना मिली कि सिद्धार्थ जायसवाल दुकान हटाने पहुंचा है। इसके बाद वह करीब 20 समर्थकों के साथ मौके पर पहुंच गया।

# रंगवासा शराब ठेकेदार का गुर्गा एमआरपी से अधिक मूल्य पर बेच रहा बियर

### शराब ठेकेदार डाल रहा ग्राहकों की जेब पर डाका

**निलेश चौहान : 94250-77209**

**देपालपुर** ● **दैनिक इंदौर संकेत**
रंगवासा शराब ठेकेदार के हौसले लगातार बुलंद होते जा रहे हैं सेल्समेन द्वारा रंगवासा शराब दुकान पर एमआरपी से अधिक मूल्य पर बीयर और शराब बेची जा रही है। जिसका स्टिंग ऑपरेशन पत्रकार द्वारा किया गया। वीडियो में स्पष्ट और साफ दिखाई दे रहा है, सेल्समेन बियर की बोतल पर 230 एमआरपी होने के बावजूद 250 रूपय की ग्राहक से मांग कर रहा है। इतना ही नहीं प्रतिदिन ओवर रेट में बीयर और शराब धड़ल्ले बेच रहे हैं खुलेआम ग्राहकों की जेब पर डाका डाला जा रहा है।

रंगवासा शराब ठेकेदार ने गांव-गांव में शराब बेचने के लिए डायरियां बना दी 10 से 20 रुपए कमीशन पर ग्रामीण क्षेत्रों में शराब का बड़ा कारोबार चल रहा है इतना ही नहीं ठेकेदार द्वारा गांवों में शराब


रंगवासा शराब ठेकेदार ने गांवों में बना दिए अवैध शराब के अड्डे
गांव-गांव में खुलेआम छलक रहे जाम
इन गांवों में बने अवैध ठिकाने

प्रतिदिन गाड़ियों द्वारा भेजी जाती है। जानकारी में पता चला रंगवासा शराब दुकान से लगाकर बेटमा चौराहे तक ढाबों पर खुलेआम शराब परोसी जा रही है। दौलताबाद फाटे के समीप ढाबे पर बियर के साथ प्लेन और मसाले शराब का क्रय विक्रय किया जा रहा है। आखिर आबकारी विभाग के जिम्मेदार अधिकारी क्या कर रहे हैं। शराब कारोबारी संतोष मालवीय को आखिर क्यों इतना संरक्षण दिया जा रहा है साथ ही देखा जाए तो पुलिस भी चुप्पी साधे बैठी है क्या क्षेत्र में खुलेआम गली गली चौराहों पर आखिर कब तक शराब बिकती रहेगी।

शराब दुकान के समीप गुमटियों में बना रखे आहते शाम होते ही शराब की दुकान गुलजार हो जाती है शराब दुकान के बाहर ही ग्राहक पीने बैठ जाता है पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आहते बंद करवाए थे, लेकिन क्षेत्र





में कहीं जगह ऐसी है खुलेआम आहते चल रहे हैं सुबह से शाम तक पियक्कड़ों का ताता लगा रहता है।

शराब कारोबारी के काले कारनामे का लगातार खुलासा होगा स्टिंग ऑपरेशन के अनुसार परत दर परत खुलासे किए जाएंगे। स्टिंग ऑपरेशन में ओवर रेट का चल रहा मोटा खेल अब उजागर होगा। ग्रामीण अंचल में शराब सप्लाई का चल रहा काला खेल आखिर कब धराशाई होगा क्या आबकारी विभाग के जिम्मेदार अधिकारी भगवान दास अहिरवार शराब दुकान पर कार्रवाई करेंगे या फिर छोटी-मोटी कार्रवाई कर ढोल पिटते रहेंगे। शराब दुकान खोलने के बाद क्षेत्र में अब तक कोई बड़ी कार्रवाई आबकारी अधिकारी द्वारा नहीं की गई सूत्र बताते हैं कि रंगवासा शराब दुकान पर अवैध शराब भी सप्लाई होती है। धार पीथमपुर एरिया पास होने की वजह से दोनों दिशाओं से अवैध शराब का माल रंगवासा दुकान पर पहुंचता है सेल्समेन और मैनेजर मिलकर रातों-रात शराब को ठिकाने पर लगा देते हैं अवैध शराब से कारोबारी को मोटा मुनाफा होता है दुकान के नाम पर लाखों का व्यापार अवैध शराब के रूप में ठेकेदार करते हैं।

आबकारी विभाग के अधिकारी अब सवालों के घेरे में हैं क्या रंगवासा शराब दुकान पर जिम्मेदार अधिकारी कार्रवाई करेंगे या फिर ठेकेदार के आगे नसमस्तक होकर मामले को रफा दफा कर दिया जाएगा।

# डीएवीवी की कार्यपरिषद बैठक में होगा विकास योजनाओं पर मंथन



**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● देवी अहिल्या विश्वविद्यालय की आगामी कार्यपरिषद बैठक 29 मई को आयोजित होगी। बैठक में विश्वविद्यालय के विकास, नवाचार और सामाजिक सरोकारों से जुड़े कई महत्वपूर्ण प्रस्तावों पर चर्चा की जाएगी।

कार्यपरिषद सदस्य डॉ. एके द्विवेदी ने कहा कि विवि अब वर्ष 2047 के लक्ष्यों को ध्यान में रखते हुए शिक्षा, पर्यावरण, स्वास्थ्य और सामाजिक जागरूकता को केंद्र में रखकर नई कार्ययोजनाओं पर आगे बढ़ेगा। उन्होंने कुलगुरु एवं कुलसचिव की टीम द्वारा किए गए प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि विश्वविद्यालय ने प्लेसमेंट गतिविधियों को प्राथमिकता देकर सकारात्मक पहल की है। बैठक में पर्यावरण संरक्षण, जल संवर्धन, नशामुक्ति, मानसिक स्वास्थ्य, योग और स्वास्थ्य जागरूकता जैसे विषयों पर विशेष चर्चा होगी। प्रमुख प्रस्तावों में वृहद वृक्षारोपण अभियान, पानी बचाओ अभियान, मानसिक स्वास्थ्य संवर्धन कार्यक्रम और ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य जागरूकता गतिविधियों को बढ़ावा देने की योजनाएं शामिल हैं। 31 मई को पुण्यश्लोक देवी अहिल्याबाई होलकर पुण्यतिथि पर 'स्मरण दिवस' के रूप में पानी बचाओ एवं पर्यावरण संरक्षण अभियान शुरू करने का प्रस्ताव भी रखा जाएगा। साथ ही नए विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण और सामाजिक दायित्वों के प्रति जागरूक बनाने की पहल की जाएगी। बैठक में आगामी शैक्षणिक सत्र की प्रवेश प्रक्रिया की समीक्षा भी होगी, ताकि इसे अधिक प्रभावी और विद्यार्थी हितैषी बनाया जा सके।

# भाजपा की ट्रेनिंग में कार्यकर्ताओं की होगी परीक्षा, देने होंगे जवाब

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● भाजपा के दो दिनी ट्रेनिंग कैंप में बीस सवालों की परीक्षा ली जाएगी। मोदी सरकार, भाजपा के इतिहास और पार्टी के कामों से जुड़े सवाल पूछे जाएंगे।

कैंप में शामिल होने वालों को ई-गाड़ी से आने के लिए कहा है। सत्ता और सरकार में शामिल नेता ट्रेनिंग कैंप का हिस्सा बन रहे हैं। भाजपाईयों को दो दिन कैंप में ही रहना होगा। 30 और 31 मई को भाजपा नगर का ट्रेनिंग कैंप होटल एचआर ग्रीन में लग रहा है। नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा की गैरहाजिरी में कैंप की जिम्मेदारी हरप्रीत बख्शी को दी गई है। पं. दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण वर्ग अभियान की शुरुआत मंडल टीम की ट्रेनिंग से हुई थी। दूसरे दौर में जिले के कार्यकर्ताओं को ट्रेनिंग मिलनी है। जिसमें मंत्री, विधायक, सांसद, प्रदेश पदाधिकारी और केंद्रीय टीम में शामिल नगर के नेताओं को हिस्सेदारी करनी है। कैंप के दौरान



रात भी गुजारनी है। इसलिए इन्हें रोजाना इस्तेमाल आने वाली चीजों को साथ लाने के लिए कहा है। 12 विषयों पर सत्र होंगे। बोलने के लिए प्रदेश संगठन ने नाम तय कर दिए हैं। कैंप में शामिल होने वालों को ई-गाड़ियों से आने का कहा है। जिनके पास नहीं है, वो लोकपरिवहन से आएंगे। 31 मई को मोदी की मन की बात भी कैंप में ही सुनना होगी। कैंप में आ रहे भाजपाईयों की परीक्षा भी होनी है। ऑब्जेक्टिव जैसे सवाल पूछे जाएंगे। 12 विषयों से जुड़े 20 सवालों का जवाब देना है। परीक्षा में जो पास होगा। उसे प्रमाणपत्र भी मिलेगा। पौन तीन सौ भाजपाईयों की सूची कैंप के लिए बनाई है। मुख्यमंत्री मोहन यादव, प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडलेवाल, क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल समेत भोपाल से कई नेता शामिल हो रहे हैं।

पंजीयन के लिए आठ काउंटर बनाए जा रहे हैं। सभी विधानसभा के अलग रहेंगे। केंद्रीय संगठन ने कैंप के दौरान प्रदर्शनी लगाने को कहा है। भाजपा राज में इंदौर के विकास को बताया जाएगा। 31 मई को अहल्या जयंती भी है। उनकी प्रतिमा भी प्रदर्शनी में रहेगी।

# पूर्व सांसद सुमित्रा महाजन के माली पर एफआईआर

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● इंदौर में पूर्व सांसद सुमित्रा महाजन के यहां माली का काम करने वाले व्यक्ति का घर के सामने रास्ते में खड़े होने की बात पर पड़ोसियों से विवाद हो गया। इस मामले में पुलिस ने दोनों पक्षों पर एफआईआर दर्ज कर ली है। बाणगंगा पुलिस ने माली अरविंद यादव की शिकायत पर राजेश चौहान, संगीता चौहान, विवेक चौहान, अमन चौहान, विक्की चौहान, मिथुन चौहान और अर्जुन चौहान के खिलाफ मारपीट और विवाद का मामला दर्ज किया है। दूसरे पक्ष की शिकायत पर अरविंद यादव और उसके परिवार के लोगों के खिलाफ भी एफआईआर दर्ज की गई है।

एसीपी रूबीना मिजवानी के अनुसार अरविंद पूर्व सांसद के यहां माली का काम करता है। उसने राजेश को घर के सामने खड़े होने पर टोका था, जिसके बाद विवाद और मारपीट हो गई। यह घटना 24 मई को हुई, जिसके बाद उसी दिन दोनों पक्षों पर एफआईआर दर्ज की गई। पुलिस ने दोनों पक्षों को नोटिस देकर थाने बुलाया था। इस दौरान पूर्व सांसद की ओर से मामले की जानकारी ली गई और शिकायत भी दर्ज कराई गई। इसके बाद मामला पुलिस कमिश्नर संतोष सिंह तक पहुंचा, जहां रुपए मांगने और गलत एफआईआर के आरोप लगाए गए।

### खजराना मंदिर के मास्टर प्लान के प्रथम चरण का भूमिपूजन

# महाकाल लोक की तर्ज पर सुव्यवस्थित दर्शन व्यवस्था रहेगी, गर्भगृह का मुख्य द्वारा भी चौड़ा होगा

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● इंदौर में खजराना श्री गणेश मंदिर के मास्टर प्लान के प्रथम चरण के विकास कार्यों का पूजन-अर्चन गुरुवार को मंदिर प्रबंध समिति द्वारा किया गया। कार्यक्रम इंदौर कलेक्टर व मंदिर प्रबंध समिति के अध्यक्ष शिवम वर्मा और नगर निगम कमिश्नर व मंदिर प्रशासक क्षितिज सिंघल के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ।

पूजन-अर्चन मुख्य पुजारी अशोक भट्ट व विनीत भट्ट के सानिध्य में सम्पन्न कराया गया। इस अवसर पर समाजसेवी सुरेश फेरवानी, निर्माण एजेंसी के राजू



आगर, मंदिर प्रबंधक घनश्याम शुक्ला, गौरी शंकर मिश्रा सहित अन्य गणमान्यजन उपस्थित रहे।

**ये विकास कार्य होंगे**-मास्टर प्लान के तहत मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की सुविधाओं और व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने के उद्देश्य से विभिन्न विकास कार्य किए जाएंगे। मंदिर परिसर का विस्तार 8.5 एकड़ से बढ़ाकर लगभग 26.5 एकड़ तक करना। महाकाल लोक की तर्ज पर सुव्यवस्थित दर्शन व्यवस्था विकसित करना। नागर शैली में भव्य मंडप और प्रवेश क्षेत्र का निर्माण। श्रद्धालुओं के लिए क्लॉक रूम, प्रतीक्षालय, विश्राम स्थल, फीडिंग रूम, डे-केयर सेंटर और प्राथमिक उपचार केंद्र जैसी सुविधाएं विकसित करना। मंदिर तक पहुंचने वाले मार्गों और मास्टर प्लान सड़कों का चौड़ीकरण एवं सौंदर्यीकरण।

## सवर्ण सेना द्वारा ईडब्ल्यूएस विषय को लेकर 31 मई को कलेक्टर कार्यालय पर हल्ला बोल

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● सवर्ण सेना के मनीष निगम,बंटी सिसोदिया और मनीष बिसानी ने बताया ईडब्ल्यूएस विषय को लेकर इसमें स्वर्ण वर्ग को 10% आरक्षण दिया गया है उसका सर्टिफिकेट बनवाने के लिए डेढ़ से दो महीने का समय लगता है उसको एकल खिड़की प्रणाली और राजस्थान और गुजरात के अंदर जैसे सर्टिफिकेट की वैद्यता 3 साल रखी गई है उसे तर्ज पर मध्य प्रदेश में भी एक बार सर्टिफिकेट बनाने पर 3 साल के लिए मान्य रहना चाहिए। आर्थिक रूप से कमजोर विद्यार्थियों के लिए इंदौर नगर और पूरे प्रदेश के प्रमुख नगरों में एक हॉस्टल का निर्माण किया जाना चाहिए जैसा की अन्य वर्ग के लोगों के लिए किया गया है। आर्थिक रूप से कमजोर विद्यार्थियों के लिए शिक्षा हेतु जैसे पिछड़ा वर्ग को 1500 के 10000 दिए गए हैं उसी तर्ज पर ईडब्ल्यूएस के विद्यार्थियों को भी 10000 दिया जाना चाहिए। सेना के संयोजक धर्मेंद्र गौतम सुरेंद्र अग्रवाल और एडवोकेट नमन दुबे ने कहा कि संगठन द्वारा 31 मई 2026 सुबह 10:30 प्रधानमंत्री के नाम का ज्ञापन जिलाधीश महोदय को सौंपा जाएगा इसमें सवर्ण समाज के के लोग अपने आने वाले भविष्य के लिए उपरोक्त आंदोलन में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेंगे। उपरोक्त जानकारी राजकुमार मंत्री द्वारा दी गई।

## बगलामुखी साधक श्री गौड का प्रकटोत्सव शहरभर के विद्वानों ने किया अभिनन्दन



**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● जेल रोड स्थित पाटन वाले गुरुजी ज्योतिष कार्यालय पर श्री केवलराम धाम ज्योतिष संस्था इन्दौर मध्य प्रदेश के राष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित प्रकाश गौड़ (मां बगलामुखी देवी साधक)के जन्मोत्सव मनाया गया। इस अवसर पर संत विद्वानों और ज्योतिषाचार्यों ने अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई। पंकज शर्मा पाटन वाले गुरुजी ने बताया कि इस अवसर पर ज्योतिषाचार्य पंडित पंकज शर्मा संत श्री राजनाथ , मां बगलामुखी देवी साधक उज्जैन महामंडलेश्वर प्रेमानंद महाराज , श्रीराम सेना राष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित संजय शर्मा , पंडित गिरिश व्यास, श्याम यादव , जीतू महाराज,नारायण व्यास , रमेश यादव, पंडित नीरज शर्मा रामशंकर तिवारी कृष्णा गोस्वामी, श्रीमती नीतू जोशी, नीतु मित्तल, रुचि वशीम अष्टांगिनी , नम्रता मालपानी प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

## टैक्स प्रैक्टिशनर्स एसोसिएशन का सेमिनार कल

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● व्यापारियों को जीएसटी में सर्च, जब्ती एवं गिरफ़्तारी के प्रावधानों की जानकारी देने के लिए शनिवार को जाल सभागृह में एक सेमिनार आयोजित किया जा रहा है। जीएसटी में गलत इनपुट टैक्स क्रेडिट लेने या देने के प्रकरणो में या कर की चोरी की आशंका में व्यापारी या अन्य व्यक्तियों पर सर्च की कार्रवाई की जाती है, सर्च के दौरान ही माल या दस्तावेजों की जब्ती भी की जाती है।

## अग्नि सुरक्षा को लेकर जिला प्रशासन की बड़ी कार्रवाई

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● इंदौर में अग्नि सुरक्षा को लेकर जिला प्रशासन लगातार सतर्कता और सख्ती के साथ कार्रवाई कर रहा है। कलेक्टर श्री शिवम वर्मा के निर्देशन में चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत आज शहर के मध्य स्थित महाराजा कॉम्प्लेक्स में बड़ी कार्रवाई की गई। खाद्य विभाग की टीम ने निरीक्षण के दौरान एक अवैध रूप से कब्जाई गई दुकान में बड़ी मात्रा में गैस सिलेंडरों का अवैध भंडारण पाए जाने पर कार्रवाई करते हुए गैस से भरे हुए 25 गैस सिलेंडर जब्त किए। बताया गया कि सिलेंडरों का संग्रहण सुरक्षा मानकों के विपरीत किया जा रहा था, जिससे आगजनी जैसी गंभीर दुर्घटना की आशंका बनी हुई थी। मामले की विस्तृत जांच की जा रही है।

# नीले ड्रम बेचने वाला बाज़ार सूखे से जूझ रहे इंदौर की जीवनरेखा बन गया

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● भारत के अधिकांश हिस्सों में, नीले पीवीसी ड्रम का नाम सुनते ही एक भयावह छवि उभरती है — ठीक वैसी ही भयावह छवि जैसी उन सिलसिलेवार हत्याओं में राष्ट्रीय सुर्खियों में आई थी, जिनमें इस ड्रम का इस्तेमाल आतंक फैलाने के हथियार के रूप में किया गया था। लेकिन इंदौर में, इस ड्रम का अर्थ पूरी तरह से बदल गया है।

भारत के सबसे स्वच्छ शहर का खिताब कई वर्षों से अपने नाम रखने वाले इस शहर में, नीले रंग का ड्रम गर्मियों में सबसे ज़्यादा मांग वाली घरेलू वस्तु बन गया है - हिंसा का नहीं, बल्कि प्यास का प्रतीक। यह विरोधाभास स्पष्ट है, और इसे जीने वाले लोग इसे भली-भांति समझते हैं। आज जिंसी बाजार में घूमकर देखिए, यह दृश्य बिल्कुल साफ नज़र आता



है। गोदाम, जो कभी स्टील के बर्तनों, प्लास्टिक के डिब्बों और रसोई की बाल्टियों से भरे रहते थे, अब लगभग पूरी तरह से नीले ड्रम के इर्द-गिर्द ही सज गए हैं। 10 लीटर से लेकर 250 लीटर तक के आकार में, 80 रुपये से लेकर 1000 रुपये तक की कीमत वाले ये ड्रम इतनी तेज़ी से बिक रहे हैं कि व्यापारी उन्हें दोबारा स्टॉक नहीं कर पा रहे हैं। दो महीनों में ही पूरे साल का स्टॉक खत्म हो गया है। स्थानीय दुकानदार मंसूर लाला ने कहा, 'कीमतें 700 रुपये से ज़्यादा नहीं थीं, लेकिन इस गर्मी में लगभग 300 रुपये बढ़ गई हैं।' पूरे बाजार में, दैनिक बिक्री लगभग 1,000 यूनिट तक पहुंच गई है, जिसमें व्यक्तिगत दुकानें प्रतिदिन 10 से 50 ड्रम बेच रही हैं, जो मौसमी औसत से लगभग तीन गुना अधिक है। इस अफरा-तफरी के पीछे का तर्क सीधा-सादा है।

## विजयंत स्काउट ग्रुप द्वारा जल सेवा शिविर का आयोजन

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● मुस्कुराते हुए छोटे छोटे बच्चों के मुंह से भर गरमी में ये शब्द राहगीरों के कान में पड़ते हैं तो उन्हें बहुत ही सुकून मिलता है और वे ठंडे पानी का आनंद लेते बच्चों को ढेरों आशीर्वाद देते हैं। जवाहर मार्ग राजमोहल्ला पर विगत एक माह याने 28 अप्रैल से विजयंत स्काउट ग्रुप द्वारा जल सेवा शिविर का आयोजन किया जा रहा है।रोज सुबह 9 से 11 बजे तक स्काउट गाइड 20 ठंडे पानी के जार से पानी लेकर ट्रे में गिलासों को रखकर भलाई के इस कार्य को कर अपनी गर्मियों की छुट्टी को सार्थक कर रहे हैं। विजयंत स्काउट ग्रुप के ग्रुप लीडर कुणाल मिश्र ने बताया कि विगत 15 वर्षों से गर्मियों की छुट्टी में समय का सदुपयोग करते हुए ग्रुप के स्काउट गाइड एक माह सेवा कार्य करते हैं।

## सम्पादकीय

### सीमा पार से सिर्फ घुसपैठ नहीं, भीतर तक फैलता सुरक्षा का खतरा

अब सीमा से पंद्रह किलोमीटर तक के क्षेत्र में हर अवैध निर्माण के खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी और शून्य सहनशीलता की नीति के तहत ऐसे निर्माणों को ध्वस्त किया जाएगा। पाकिस्तान की ओर से भारतीय सीमा में घुसपैठ और इससे जुड़ी आतंकवाद की समस्या ने भारत को किस स्तर तक नुकसान पहुंचाया है, यह छिपा नहीं है। हालांकि सीमा पर तैनात सुरक्षा बल के जवान अपनी ओर से पूरी कोशिश करते हैं कि पाकिस्तानी ठिकानों से भारत में घुसपैठ करने वालों को रोकें, गिरफ्तार करें या फिर जरूरत पड़ने पर उन्हें निशाना बनाया जाए। विडंबना यह है कि आज भी सीमा पर भारत को अक्सर घुसपैठ और आतंकी हमलों का सामना करना पड़ता है। इसकी एक बड़ी वजह सीमा पर सुरक्षा व्यवस्था के तार और निगरानी का तंत्र अपेक्षित स्तर पर मजबूत न होने को माना जाता रहा है। फिर सीमा पर स्थित रिहाइशी इलाकों में भी कई बार आतंकी सूत्रों से जुड़े लोगों की पहचान नहीं पाने के अपने जोखिम हैं। शायद यही वजह है कि गृहमंत्री अमित शाह ने साफ लहजे में पाकिस्तान सीमा के आसपास सुरक्षा के लिहाज से सख्त नीति अपनाने को कहा है। गौरतलब है कि राजस्थान के सीमावर्ती इलाके के आसपास के जिलों में सुरक्षा को लेकर गृहमंत्री अमित शाह ने उच्चस्तरीय बैठक में भारत और पाकिस्तान सीमा के आसपास चौतरफा सुरक्षा योजना के तहत कई अहम निर्देश दिए हैं। इसके मुताबिक, अब सीमा से पंद्रह किलोमीटर तक के क्षेत्र में हर अवैध निर्माण के खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी और शून्य सहनशीलता की नीति के तहत ऐसे निर्माणों को ध्वस्त किया जाएगा। इस सख्ती की वजह मुख्य रूप से राजस्थान के सीमाई इलाके के जिलों में घुसपैठ, मादक पदार्थों की तस्करी और अन्य गैरकानूनी गतिविधियों पर पूरी तरह रोक लगाना है। यह छिपा नहीं है कि सीमा से सटे क्षेत्र में पाकिस्तान की ओर से अलग-अलग रूप में होने वाली घुसपैठ अंतिम तौर पर भारत में आतंकवाद की जड़ों को मजबूत करती है। खासतौर पर सीमावर्ती इलाकों में अवैध रूप से रहने वाले कुछ लोग कई बार आतंकियों के लिए अप्रत्यक्ष सहायक के रूप में काम करते हैं। इनमें से कई लोग भ्रष्टाचार का सहारा लेकर न केवल स्थानीयता का फर्जी दस्तावेज बनवा लेते हैं, बल्कि संदिग्ध वित्तीय लेनदेन, अवैध गतिविधियों और सीमा पार से मादक पदार्थों की तस्करी में भी लिप्त होते हैं।

प्रसंगवश - 28 मई: मशहूर उर्दू शायर और ग़ज़लकार डॉ. बशीर बद्र का निधन

# खामोशी से भी ऊँची आवाज़ छोड़ जाने वाला नाम: बशीर बद्र

'उजाले अपनी यादों के हमारे साथ रहने दो...' बशीर बद्र की यह पंक्ति आज स्वयं एक विदाई का सन्नाटा बनकर गूंज रही है। उर्दू शायरी का वह नर्म, रोशन और संवेदनशील सितारा अब अस्त हो गया है। केवल एक शायर नहीं गया बल्कि एक पूरी भावनात्मक परंपरा मौन हो गई। 28 मई 2026 को भोपाल में लंबी बीमारी के बाद 91 वर्ष की आयु में उन्होंने इस दुनिया को अलविदा कहा, लेकिन उनकी शायरी अब भी सांसों में जीवित है। वे केवल शब्द नहीं रचते थे, बल्कि टूटे हुए दिलों को जोड़ने वाली भावनाओं की पूरी दुनिया बसाते थे—जहाँ दर्द भी सुंदर लगता था और उम्मीद भी बहुत करीब। उनका जाना एक खालीपन नहीं, बल्कि एक ऐसी खामोश मौजूदगी है जो हर एहसास में धीरे-धीरे उतरती रहती है।

**शब्दों के पार जाकर भी जीवित रहने वाली आवाज़: बशीर बद्र**

**बशीर बद्र - टूटने में जीना सिखाने वाला शायर, खुद टूटकर अमर हो गया**



जब शब्दों की रौशनी खुद इतिहास बन जाए, तो समझिए कोई शायर अमर हो चुका होता है। मशहूर उर्दू शायर और गज़लकार पद्मश्री बशीर बद्र का जाना साहित्य जगत के लिए एक ऐसा आघात है जिसने भावनाओं की सबसे नाज़ुक परत को हिला दिया। वे उन विरले शायरों में थे जिनके शब्द मंच से उतरकर सीधे जीवन की सांसों में बस जाते थे। उनका जाना केवल शरीर का अंत नहीं, बल्कि उस आवाज़ का ठहर जाना है जिसने सादगी को भी शिखर बना दिया। फिर भी, उनकी ग़ज़लें आज भी हर टूटे दिल में जीवित हैं और हर याद में चुपचाप रोशनी बनकर चलती रहती हैं।

जहाँ शब्द जन्म लेते हैं और संवेदना उन्हें आकार देती है, वहीं से एक असाधारण सफ़र शुरू होता है। 15 फरवरी 1935 को अयोध्या (तब फैजाबाद) में जन्मे बशीर बद्र बचपन से ही शायरी की ओर आकर्षित थे और सात वर्ष की उम्र में ही शेर कहने लगे थे। अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी से बीए, एमए और पीएचडी के बाद उन्होंने वहीं उर्दू के प्रोफेसर के रूप में कार्य किया, फिर मेरठ कॉलेज में 17 वर्षों तक विभागाध्यक्ष रहे। फारसी, हिंदी, उर्दू और अंग्रेजी पर उनकी गहरी पकड़ ने उनकी शायरी को समृद्ध और बहुआयामी बनाया। उनका जीवन ज्ञान और भावना का ऐसा संगम रहा जिसने उन्हें एक विशिष्ट पहचान दी।

जब जीवन की सबसे गहरी आग इंसान के भीतर उतर जाए, तो शब्द भी राख से जन्म लेते हैं। 1987 के मेरठ दंगों ने बशीर बद्र को भीतर तक तोड़ दिया—उनका घर, यादें और अनमोल अनप्रकाशित रचनाएँ सब कुछ जलकर राख हो गया। इस त्रासदी ने उन्हें लंबे समय तक लेखन से दूर कर दिया, और उनका जीवन गहरे खालीपन में डूब गया। लेकिन भोपाल में डॉ. राहत बद्र के साथ नए सिरे से मिली जीवन-धारा ने उन्हें फिर से शब्दों की ओर लौटा दिया। उसी पीड़ा से निकली उनकी अमर पंक्ति— 'लोग टूट जाते हैं एक घर बनाने में... '—आज भी मानवीय संवेदना की सबसे तीखी और सजीव अभिव्यक्ति मानी जाती है।

शब्दों को सजाने के बजाय उन्हें जीने की कला बशीर बद्र की शायरी की सबसे बड़ी पहचान थी। उन्होंने जटिल अलंकारों की जगह जीवन की सीधी, सरल भाषा को अपनाया और उसी में गहराई भर दी। प्रेम, विरह, अकेलापन और सामाजिक यथार्थ उनकी ग़ज़लों में सहजता से उतरते थे। उनकी प्रमुख कृतियाँ 'इकाई', 'इमेज', 'आमद', 'आहट', 'आस' और 'कुल्लियात-ए-बशीर बद्र' आधुनिक उर्दू साहित्य की अमूल्य धरोहर बन गईं। 'आस' के लिए उन्हें 1999 में साहित्य अकादमी पुरस्कार और उसी वर्ष पद्म श्री से सम्मान मिला। साथ ही उत्तर प्रदेश उर्दू अकादमी से चार बार, बिहार उर्दू अकादमी से एक बार तथा 1980 में न्यूयॉर्क के 'पोएट ऑफ द ईयर' सम्मान ने उनकी वैश्विक पहचान को और मजबूत किया।

कुछ पंक्तियाँ समय को भी पीछे छोड़ देती हैं और स्मृतियों में हमेशा के लिए बस जाती हैं—ऐसी ही शायरी बशीर बद्र की पहचान है। उनकी मशहूर पंक्तियाँ 'उजाले अपनी यादों के हमारे साथ रहने दो...' और 'दुश्मनी जम कर करो लेकिन ये गुंजाइश रहे...' आज भी लोगों की ज़ुबान पर जीवित हैं, जो रिश्तों और भावनाओं को एक नई दृष्टि देती हैं। उनके 18,000 से अधिक शेर और असंख्य ग़ज़लें फिल्मों, रेडियो और मुशायरों में लगातार गूँजती रही हैं। उनकी शायरी ने उर्दू ग़ज़ल को आम इंसान की भाषा बना दिया, जहाँ हर व्यक्ति अपने दर्द और अपनी पहचान को महसूस कर सकता है।

जब यादें साथ छोड़ने लगती हैं, तब भी शब्द अपनी रोशनी नहीं खोते—बशीर बद्र के जीवन का अंतिम चरण इसका साक्षात प्रमाण रहा। डिमेंशिया ने धीरे-धीरे उनकी स्मृतियों पर धुंध छा दी, लेकिन उनकी पत्नी डॉ. राहत बद्र उनकी रचनाएँ सुनाकर उन्हें फिर से जीवित करती रहीं। पुत्र नुसरत बद्र के निधन का गहरा आघात भी उन्होंने सहा, जो स्वयं फिल्मी गीतों की दुनिया में प्रतिष्ठित थे। इसके बावजूद, अंतिम वर्षों तक वे मुशायरों के सुल्तान बने रहे, जहाँ उनकी उपस्थिति ही मंच को जीवंत कर देती थी। स्मृतियाँ भले कमजोर पड़ती रहीं, लेकिन उनके शब्दों की चमक अंत तक अडिग रही—एक ऐसा जीवन, जो संघर्ष, प्रेम और साहित्य की अविस्मरणीय यात्रा बन गया।

विदा तो शरीर ने ली है, पर उनकी आवाज़ अभी भी दिलों में चलती है। बशीर बद्र अब इस संसार में नहीं हैं, फिर भी उनकी शायरी हर उस जगह मौजूद है जहाँ दर्द है, प्रेम है या टूटी हुई उम्मीदों की हल्की सी रोशनी। वे केवल शायर नहीं थे, बल्कि भावनाओं को शब्द देने वाला एक पूरा युग थे। उनकी विरासत बताती है कि साहित्य केवल पढ़ा नहीं जाता, उसे महसूस किया और जिया जाता है। उनकी ग़ज़लें समय की सीमाओं को पार कर आज भी लोगों को जोड़ती हैं, और यही साबित करती हैं कि सच्ची रचना कभी मरती नहीं—वह हमेशा अपने पाठकों के भीतर जीवित रहती है।

**प्रो. आरके जैन 'अरिजीत'**
शिक्षाविद्
बड़वानी (मप्र)

## आंचलिक

# एमपीआरडीसी ने सरदारपुर-बदनावर में खुदाई रोकी

**दैनिक इंदौर संकेत**

**धार** ●जिले के सरदारपुर-भेसोला स्टेट हाईवे पर सड़क किनारे हो रही खुदाई और उससे बढ़ते हादसों के खतरे को लेकर दैनिक भास्कर डिजिटल की खबर के बाद एमपीआरडीसी ने कार्रवाई की है। विभाग ने मध्य प्रदेश जल निगम मर्यादित के ठेकेदार को नोटिस जारी कर सरदारपुर-बदनावर मार्ग (एसएच-65) पर पाइपलाइन बिछाने का कार्य तत्काल प्रभाव से रोकने का निर्देश दिया है। एमपीआरडीसी द्वारा जारी पत्र में उल्लेख किया गया है कि ग्राम लाबरिया से राजोद के बीच जल निगम के ठेकेदार द्वारा सड़क के साइड शोल्डर पर गहरे गड्ढे कर पाइपलाइन डाली जा रही थी। खुदाई से निकली मुरम और मिट्टी सड़क पर फैला दी गई थी, जिससे वाहन चालकों के लिए लगातार दुर्घटना का जोखिम बना हुआ था। विशेषकर दोपहिया वाहन चालक फिसलकर चोटिल हो रहे थे। विभाग ने यह भी माना कि सड़क के शोल्डर को खोदने से न केवल सड़क की संरचना कमजोर हो रही थी, बल्कि शासकीय संपत्ति को भी नुकसान पहुंच रहा था। पत्र में स्पष्ट किया गया है कि एमपीआरडीसी की विधिवत अनुमति के बिना कोई भी खुदाई कार्य नहीं किया जा सकता। सड़क या शोल्डर पर कार्य करने की आवश्यकता होने पर निर्धारित मापदंडों और सुरक्षा नियमों का पालन अनिवार्य है।



एमपीआरडीसी ने ठेकेदार को निर्देश दिए हैं कि जहां-जहां खुदाई की गई है, वहां तत्काल मानक अनुसार मरम्मत और सुधार कार्य किया जाए। साथ ही, सड़क पर फैली मुरम और मिट्टी को हटाकर मार्ग को सुरक्षित बनाया जाए। विभाग ने चेतावनी दी है कि यदि भविष्य में किसी प्रकार की दुर्घटना होती है, तो इसकी संपूर्ण जिम्मेदारी संबंधित ठेकेदार की होगी। गौरतलब है कि दैनिक भास्कर ने सड़क किनारे हो रही गहरी खुदाई, फैली मुरम और सुरक्षा इंतजामों की अनदेखी को लेकर लगातार खबरें प्रकाशित की थीं। स्थानीय लोगों ने भी चेतावनी संकेतों और रात में सुरक्षा व्यवस्था की कमी की शिकायत की थी। खबर प्रकाशित होने के बाद विभागीय कार्रवाई होने से क्षेत्र के लोगों को राहत मिली है।

# नर्मदा स्नान के दौरान 17 वर्षीय छात्र डूबा, भोपाल से दोस्तों के साथ दर्शन करने आया था

**दैनिक इंदौर संकेत**

**खंडवा** ● तीर्थ नगरी ओंकारेश्वर में गुरुवार सुबह नर्मदा स्नान के दौरान एक दर्दनाक हादसा हो गया। ब्रह्मपुरी घाट पर स्नान करते समय 17 वर्षीय जयवर्धन टोयला निवासी शक्तिनगर, छिंदवाड़ा गहरे पानी में डूब गया। घटना के बाद घाट पर मौजूद श्रद्धालुओं में अफरा-तफरी मच गई। सूचना मिलते ही ओंकारेश्वर पुलिस, प्रशासन और रेस्क्यू टीम मौके पर पहुंच गई। जानकारी के अनुसार, जयवर्धन टोयला भोपाल में रहकर पढ़ाई करता था। वह अपने दोस्तों के साथ नर्मदा स्नान और भगवान ओंकारेश्वर ज्योतिर्लिंग के दर्शन करने आया था।

गुरुवार सुबह करीब 6 बजे सभी युवक ब्रह्मपुरी घाट पर स्नान कर रहे थे। इसी दौरान जयवर्धन का पैर फिसल गया और वह गहरे पानी में चला गया। देखते ही देखते वह तेज बहाव में लापता हो गया। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक घाट पर तैनात पुलिसकर्मियों द्वारा श्रद्धालुओं को गहरे पानी में न जाने की लगातार समझाइश दी जा रही थी, लेकिन युवक प्रतिबंधित हिस्से की ओर चला गया, जिससे यह हादसा हो गया। घटना के बाद मौके पर मौजूद लोगों ने युवक को बचाने का प्रयास किया, लेकिन सफलता नहीं मिल सकी। घटना की सूचना मिलते ही नायब तहसीलदार उदय मंडलोई, ओंकारेश्वर थाना पुलिस तथा प्रशासनिक अमला मौके पर पहुंचा। एसडीईआरएफ और होमगार्ड की टीम ने तत्काल रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया। गोताखोरों की मदद से युवक की तलाश की जा रही है। बताया जा रहा है कि अधिक मास के चलते इन दिनों ओंकारेश्वर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ रही है। हजारों श्रद्धालु प्रतिदिन नर्मदा स्नान और ज्योतिर्लिंग दर्शन के लिए पहुंच रहे हैं। प्रशासन द्वारा घाटों पर सुरक्षा इंतजाम किए गए हैं, बावजूद इसके लापरवाही के चलते हादसों का खतरा बना हुआ है। फिलहाल रेस्क्यू टीम नर्मदा नदी में युवक की तलाश में जुटी हुई है।

# खरगोन में 198 गुंडे-बदमाशों के घर अचानक पहुंची पुलिस

**दैनिक इंदौर संकेत**

**खरगोन** ● खरगोन जिले में पुलिस ने अपराधियों पर नकेल कसने के लिए बुधवार रात बड़े पैमाने पर कॉम्बिंग गश्त की। पांच घंटे चली इस कार्रवाई में 400 से अधिक पुलिसकर्मी सड़कों पर उतरे और 198 सूचीबद्ध गुंडे-बदमाशों के घरों पर दबिश दी। इस दौरान कुल 78 अपराधियों को गिरफ्तार किया गया। यह गश्त बुधवार रात 12 बजे से सुबह 5 बजे तक संचालित की गई। पुलिस टीमों ने 123 सूचीबद्ध गुंडों और 68 निगरानी बदमाशों के ठिकानों पर अचानक जांच की। कार्रवाई के दौरान, जिले भर से 15 स्थायी वारंटियों और 63 निगरानीशुदा बदमाशों को गिरफ्तार किया गया।

पुलिस अधीक्षक रवींद्र वर्मा ने जिला बल को ब्रीफिंग कर गश्त को प्रभावी बनाने और फरार व स्थायी वारंटियों की गिरफ्तारी के निर्देश दिए थे। उन्होंने बताया कि कॉम्बिंग गश्त का मुख्य उद्देश्य वर्षों से फरार शातिर अपराधियों को पकड़ना, सूचीबद्ध गुंडे-बदमाशों की औचक जांच करना और रात में सक्रिय अपराधियों को गिरफ्तार करना था। खरगोन, भीकनगांव, मंडलेश्वर और बड़वाह के एसडीओपी ने भी गश्त में हिस्सा लिया और अपने-अपने अनुभागों की हवालातों का निरीक्षण किया। इस अभियान का लक्ष्य अपराधियों पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित करना और जिले में कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाना था।

# पंचायत चुनाव जीतने पर विधानसभा-लोकसभा चुनाव जीतेंगे, खरगोन में कांग्रेस प्रदेश उपाध्यक्ष बोले

**दैनिक इंदौर संकेत**



**खरगोन** ●जिले में कांग्रेस संगठन सृजन अभियान के तहत पंचायत और वार्ड कमेटियों का गठन जारी है। पार्टी ने 31 मई तक सभी पंचायत और वार्ड कमेटियों के गठन का संकल्प लिया है। इसी क्रम में गुरुवार को गोगांवा ब्लॉक में यह गठन कार्रवाई संपन्न हुई। घुघरियाखेड़ी में प्रदेश कांग्रेस उपाध्यक्ष रवि जोशी ने इस अभियान के महत्व पर प्रकाश डाला।

उन्होंने कहा कि जिला, ब्लॉक और मंडलम के बाद अब पंचायत व वार्ड कमेटियों का गठन सबसे महत्वपूर्ण चरण है। जोशी ने जोर दिया कि पंचायत चुनाव जीतने से आगामी विधानसभा और लोकसभा चुनावों में जीत का मार्ग प्रशस्त होगा, इसलिए इन कमेटियों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण रहेगी। जिलाध्यक्ष रवि नाईक ने जानकारी दी कि जिले में पंचायत और वार्ड कमेटियों के गठन के बाद पदाधिकारियों के लिए एक प्रशिक्षण सत्र आयोजित किया जाएगा।

इस अवसर पर मंडलम अध्यक्ष साईदास सिसोदिया, रामचंद्र सोलंकी, सुभाष यादव, राधेश्याम यादव, इदरीश नूरी, राकेश यादव, सुरेश पटेल, गोविंद यादव, पंचायती राज प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष विजय चौहान, राजेंद्र पंवार, प्रवक्ता राजेश मंडलोई, महासचिव जितेंद्र भावसार, अमर सिंह, राजू यादव, सुनील पटेल, शंकर यादव, नागेश्वर दादा, कमल यादव, उस्मान खत्री सहित ब्लॉक कमेटी के कई पदाधिकारी मौजूद थे।

# विधायक पर आरोप, 6 प्रोजेक्ट कैंसिल कराएं स्वागत द्वार, जिमखाना मैदान जैसे कामों के लिए एक करोड़ से ज्यादा का बजट मिला था

**दैनिक इंदौर संकेत**

**खंडवा** ● विधायक के द्वारा नगर निगम के कामों की समीक्षा लेने के मामले ने सियासी तूल पकड़ लिया हैं। भाजपा पार्षद ने विधायक पर आरोप लगाया कि उन्होंने शहरी विकास से जुड़े 6 प्रोजेक्ट कैंसिल करा दिए है। जिन्हें मुख्यमंत्री शहरी अधोसरंचना निर्माण योजना में मंजूरी मिली थी। इन कामों के लिए एक करोड़ 5 लाख रूपए स्वीकृत हुए थे। विधायक के कहने पर शासन ने यह प्रोजेक्ट निरस्त कर दिए हैं।

भाजपा एससी मोर्चा जिलाध्यक्ष और महापौर मंत्रिमंडल में शामिल पार्षद विक्की बावरे ने विधायक कंचन तनवे से पूछा कि आपने 6 प्रोजेक्ट कैंसिल करा दिए। इस पर विधायक तनवे ने कहा कि इस बारे में मुझे फिलहाल कोई जानकारी नहीं हैं।

बाद में विधायक ने सफाई दी कि उन प्रोजेक्ट में कुछ संशोधन होना है। इसलिए उन्हें निरस्त कराया गया हैं। बता दें कि, विधायक तनवे ने मार्च 2026 में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को पत्र भेजकर खंडवा नगर निगम क्षेत्र में स्वीकृत 6 तरह के प्रोजेक्ट का जिक्र करते हुए उन्हें निरस्त कराने की मांग की थी।



किशोर कुमार गांगुली सामुदायिक शेड, भाटिया पंप के पास। लागत- 8 लाख रुपए। सर्वोदय कॉलोनी में बगीचा बाउंड्रीवॉल सौंदर्गीकरण। लागत- 10 लाख रुपए। सांई राम नगर कॉलोनी वार्ड में सीसी रोड, गणेश खतवासे के घर से शंकर किराना तक। लागत- 12 लाख रुपए। जिमखाना क्रिकेट ग्राउंड में फॉर्मेशन लेवलिंग व ड्रेनेज सिस्टम तथा पिच का निर्माण। लागत- 15 लाख रुपए। जिमखाना क्रिकेट ग्राउंड में पहली मंजिल पर ड्रेसिंग रूम का निर्माण कार्य। लागत- 16 लाख रुपए। इंदौर नाका पर प्रवेश द्वार निर्माण कार्य। लागत- 44 लाख रुपए।

## 27 जुलाई से दिल्ली में होगी राष्ट्रमंडल टेबल टेनिस चैम्पियनशिप

**नई दिल्ली (एजेंसी)** • 22वीं राष्ट्रमंडल टेबल टेनिस चैम्पियनशिप दिल्ली के त्यागराज स्टेडियम में 27 जुलाई से 2 अगस्त तक होगी। इस दौरान रोमांचक मुकाबले होने की संभावना है। इस चैम्पियनशिप का आयोजन दिल्ली सरकार और भारतीय टेबल टेनिस महासंघ (टीटीएफआई) द्वारा संयुक्त रूप से किया जा रहा है। इसमें 35 से अधिक देशों के शीर्ष एथलीटों के भाग लेने की उम्मीद है, जो इस आयोजन को वैश्विक मंच पर एक महत्वपूर्ण पहचान दिलाएगा। इस चैंपियनशिप न केवल खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर देगी बल्कि दिल्ली को एक प्रमुख अंतरराष्ट्रीय खेल गंतव्य के रूप में भी स्थापित करेगी। सात दिवसीय इस चैम्पियनशिप में दुनिया भर के टेबल टेनिस खिलाड़ी भी भाग लेंगे। अधिकारियों के अनुसार, इंग्लैंड, ऑस्ट्रेलिया, कनाडा, न्यूजीलैंड, द. अफ्रीका, मलेशिया, सिंगापुर, स्कॉटलैंड, वेल्स, नाइजीरिया, केन्या, जमैका, त्रिनिदाद और टोबैगो जैसे राष्ट्रों के खिलाड़ी अपनी खेल भावना और कौशल का प्रदर्शन करने के लिए तैयार हैं। यह विविध भागीदारी टूर्नामेंट को और भी रोमांचक और प्रतिस्पर्धी बनाएगी, जिससे दर्शकों को उच्च-स्तरीय खेल का अनुभव मिलेगा।

## क्वालिफायर-2 में आज होगा टाइटंस और रॉयल्स का मुकाबला

**चंडीगढ़ (एजेंसी)** • आईपीएल 2026 का दूसरा क्वॉलिफायर मुकाबला शुक्रवार को मुल्लांपुर के महाराजा यदविंद्र सिंह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में खेला जाएगा। इस मैच में गुजरात टाइटंस और राजस्थान रॉयल्स आमने-सामने होंगी, जो भी टीम मुकाबला जीतेगी फाइनल में प्रवेश कर लेगी और उसका सामना 31 मई यानी रविवार को गत विजेता रॉयल चैलेंजर्स बंगलुरु से अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में होगा। राजस्थान के खिलाफ गुजरात का रिकॉर्ड शानदार रहा है। गुजरात को पहले क्वॉलिफायर में आरसीबी के खिलाफ हार झेलनी पड़ी थी, जबकि राजस्थान ने एलिमिनेटर मुकाबले में सनराइजर्स हैदराबाद को हराया। राजस्थान और गुजरात के बीच आईपीएल में अब तक कुल 10 मुकाबले खेले गए हैं। इनमें से सात मुकाबलों में जीत गुजरात के हाथ लगी है, जबकि राजस्थान सिर्फ तीन मैच ही जीत सकी है। गुजरात टाइटंस अपने इस दमदार रिकॉर्ड को दूसरे क्वॉलिफायर में भी बरकरार रखने के इरादे से मैदान पर उतरेगी। दोनों टीमों के पास फाइनल में पहुंचने का सुनहरा मौका है। राजस्थान रॉयल्स जहां अपने युवा खिलाडि़यों के दम पर आत्मविश्वास से भरी हुई है, वहीं गुजरात टाइटंस अनुभव और संतुलित टीम संयोजन के भरोसे मैदान पर उतरेगी। राजस्थान रॉयल्स के युवा बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी इस सीजन में विपक्षी गेंदबाजों के लिए बड़ी चुनौती बनकर उभरे हैं।





सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ एलिमिनेटर मुकाबले में उन्होंने सिर्फ 29 गेंदों में 97 रन की विस्फोटक पारी खेलकर सभी को प्रभावित किया था। वैभव की आक्रामक बल्लेबाजी ने गुजरात की चिंताएं बढ़ा दी हैं। पिछले मुकाबले में मोहम्मद सिराज ने उन्हें शॉर्ट गेंद पर आउट जरूर किया था, लेकिन उससे पहले वैभव ने उनकी गेंद पर शानदार छक्का भी जड़ा था।

## दर्शकों के बीच चर्चा का विषय बनी 'सेवन एंड ए हाफ डेट्स'

**मुंबई (एजेंसी)** • म्यूजिकल मिनी सीरीज सेवन एंड ए हाफ डेट्स इन दिनों दर्शकों और समीक्षकों के बीच काफी चर्चा का विषय बनी हुई है। डिजिटल मनोरंजन की दुनिया में एक नए आयाम स्थापित करती यह श्रृंखला रोमांस, गहरी भावनाओं और संगीत को इस तरह से एक साथ पिरोती है, जिससे दर्शकों को एक अनूठा और अविस्मरणीय अनुभव प्राप्त होता है। सीरीज में संगीत को केवल पार्श्व में बजने वाले गीतों के रूप में नहीं, बल्कि कहानी और किरदारों के भावनात्मक सफर के एक अभिन्न अंग के रूप में प्रस्तुत किया गया है। हर गाना कहानी के मोड़, पात्रों की आंतरिक उथल-पुथल और उनके रिश्तों की गहराई को आगे बढ़ाने का काम करता है। इसी विशेष सीरीज में प्यार मेरा नामक एक गीत को लोकप्रिय प्लेबैक सिंगर असीस कौर ने अपनी भावपूर्ण आवाज दी है। असीस कौर ने इस गीत के बारे में बात करते हुए कहा, यह गाना इंसानी रिश्तों की उस नर्मी, भावनात्मक कमजोरी और दिल के जुड़ाव को बहुत खूबसूरती से दर्शाता है, जहाँ एक व्यक्ति खुद को अपने साथी के सामने पूरी तरह खोल देता है। इसमें प्यार के उस अनमोल एहसास को पकड़ने की कोशिश की गई है, जहाँ दिल से दिल का रिश्ता इतना गहरा हो जाता है कि सब कुछ स्पष्ट हो जाता है। असीस कौर ने इस मिनी सीरीज का हिस्सा बनने को अपने लिए एक बेहद खास अनुभव बताया।



## ग्लैमरस अवतार पर रूपाली गांगुली का बयान



**मुंबई (एजेंसी)** • स्टार प्लस के फैशन स्पेशल 'फैशन के रंग, रिश्तों के संग' को लेकर पहले से ही काफी चर्चा हो रही है। चैनल इस इवेंट को टेलीविजन का अपना 'मेट-गाला' बनाने की तैयारी में है। एक जून को टेलीकास्ट होने वाला यह स्पेशल इवेंट फैशन, एंटरटेनमेंट और मजेदार पलों से भरपूर होने वाला है, जहां पूरा स्टार परिवार एक साथ नजर आएगा। इस खास इवेंट को लेकर दर्शकों में जबरदस्त एक्साइटमेंट देखने को मिल रही है क्योंकि इस बार टीवी सितारे अपने ऑनस्क्रीन किरदारों से बिल्कुल अलग अंदाज में दिखाई देंगे। रोजाना के सिंपल लुक्स से हटकर कई एक्टर्स स्टेट-इंस्पायर्ड आउटफिट्स में रैंप वॉक करते नजर आएंगे, जो भारत की सांस्कृतिक विविधता को सेलिब्रेट करेंगे। प्रेम और राही गुजराती लुक में गुजरात को रिप्रेजेंट करेंगे, सायली और सचिन महाराष्ट्र की झलक दिखाएंगे।

## पीवी सिंधु, लक्ष्य सेन, शेट्टी सिंगापुर ओपन के क्वार्टर फाइनल में

**सिंगापुर (एजेंसी)** • पीवी सिंधु; लक्ष्य सेन, पुरुषों की डबल्स जोड़ी सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी और मिक्स्ड डबल्स जोड़ी ध्रुव कपिला और तनीषा क्रास्टो गुरुवार को ड्क्षसगापुर ओपन के क्वार्टर फाइनल में पहुंच गए। ड्क्षसधु ने जापान की रिको गुंजी को सीधे गेम में हराया, जबकि सात्विक-चिराग ने ली झे-हुई और यांग पो-ह्सुआन को 21-15, 11-21, 21-18 से हराया। ध्रुव और तनीषा ने जापान की चुनौती का सामना करते हुए यूटा वतानाबे और





माया तागुची को 8-21, 21-17, 21-16 से हराया। अनुभवी सिंधु ने सिर्फ 37 मिनट में सीधे गेम में 21-9, 21-12 से हराकर आसानी से जीत दर्ज की और दोनों गेम में शुरू से ही दबदबा बनाए रखा। क्वार्टर फाइनल में उनका अगला मुकाबला टॉप सीड एन से-यंग से होगा। लक्ष्य सेन पुरुषों के सिंगल्स में आगे बढ़ गए, जब थाईलैंड के कुनलावुत विटिडसर्न ने मैच में सिर्फ दो प्वाइंट खेलने के बाद रिटायर होने का फैसला किया।

# उज्जैन संभाग

## पत्नी की तबीयत बिगड़ने पर नागदा पहुंचे, गहलोत मुंबई से सीधे नागदा आए

**दैनिक इंदौर संकेत**

**उज्जैन** • कर्नाटक की राजनीति में मुख्यमंत्री पद को लेकर चल रहे सियासी घमासान के बीच कर्नाटक के राज्यपाल थावर चंद गहलोत अचानक मुंबई से सीधे उज्जैन जिले के नागदा स्थित अपने निवास पहुंच गए। उनके नागदा पहुंचने के बाद राजनीतिक हलकों में अटकलों का दौर तेज हो गया है। जानकारी के अनुसार राज्यपाल गेहलोत की पत्नी अनीता गहलोत की तबीयत अचानक खराब हो गई थी। बताया जा रहा है कि उनका ब्लड प्रेशर काफी बढ़ गया था, जिसके चलते राज्यपाल को मुंबई से सीधे नागदा आना पड़ा। पहले उन्हें चौधरी अस्पताल में डॉक्टरों को दिखाया गया, जिसके बाद फिलहाल घर पर ही डॉक्टरों की निगरानी में उनका इलाज जारी है। इधर कर्नाटक में मुख्यमंत्री सिद्धारमैया के संभावित इस्तीफे को लेकर राजनीतिक चर्चाएं तेज हैं। ऐसे समय में राज्यपाल के बेंगलुरु नहीं पहुंचने से राज्य की राजनीति में कई तरह की अटकलें लगाई जा रही हैं। हालांकि राज्यपाल के करीबी सूत्रों का कहना है कि उनका नागदा आना पूरी तरह पारिवारिक और स्वास्थ्य कारणों से जुड़ा हुआ है। राज्यपाल के नागदा स्थित निवास के बाहर मीडिया का जमावड़ा लग गया है। वहीं प्रशासन और चिकित्सकों की टीम लगातार अनीता गेहलोत की सेहत पर नजर बनाए हुए है। फिलहाल उनकी स्थिति स्थिर बताई जा रही है।

## सीएम मोहन यादव प्रशिक्षण महाअभियान में हुए शामिल

**दैनिक इंदौर संकेत**

**उज्जैन** • भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान के तहत दो दिवसीय जिला प्रशिक्षण वर्ग का आयोजन किया जा रहा है। इसका शुभारंभ राजाराम रिसॉर्ट में हुआ, जिसमें मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव पहले दिन शामिल हुए। इस प्रशिक्षण वर्ग में लगभग 200 कार्यकर्ता भाग ले रहे हैं। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव गुरुवार को प्रशिक्षण वर्ग में भाग लेने के लिए उज्जैन पहुंचे। उन्होंने कार्यकर्ताओं को संबोधित किया और संगठन के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। यह प्रशिक्षण वर्ग 28 और 29 मई को आयोजित किया जा रहा है। गुरुवार को पहले दिन के प्रशिक्षण वर्ग में लगभग 200 कार्यकर्ताओं की सहभागिता रही। इनमें सांसद, विधायक, जिला पदाधिकारी, जिला मोर्चा अध्यक्ष एवं महामंत्री, मंडल प्रभारी शामिल थे। दूसरे दिन शुक्रवार को समापन सत्र में प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल शामिल होंगे। प्रशिक्षण वर्ग में नगर के सभी कार्यकर्ताओं को वैचारिक एवं संगठनात्मक प्रशिक्षण दिया जा रहा है। पहले दिन सुबह के सत्र में राज्यसभा सांसद बाल योगी उमेशनाथ, विधायक अनिल जैन, महापौर मुकेश टटवाल, नगर निगम सभापति कलावती यादव और भाजपा नगर अध्यक्ष संजय अग्रवाल सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे। इसमें प्रकोष्ठ संयोजक, मंडल अध्यक्ष, प्रदेश पदाधिकारी तथा राष्ट्रीय एवं प्रदेश समिति सदस्य भी शामिल हुए। जिला मीडिया प्रभारी दिनेश जाटवा ने बताया कि इस प्रशिक्षण वर्ग से जनप्रतिनिधियों में वैचारिक प्रतिबद्धता और जनसेवा के संकल्प को और अधिक दृढ़ किया जाएगा। भाजपा संगठन में प्रशिक्षण का उद्देश्य कार्यकर्ताओं को लगातार सीखने, आत्ममंथन करने और जनसेवा के लिए सदैव समर्पित रहने के साथ ही सैद्धांतिक और व्यवहारिक विषयों पर प्रशिक्षित करना है।



## रामघाट पर ये है, मोहन की सरकार गीत का लोकार्पण

**दैनिक इंदौर संकेत**

**उज्जैन** • मां शिप्रा तीर्थ परिक्रमा यात्रा के समापन अवसर पर मंगलवार को रामघाट पर ये है, मोहन की सरकार गीत का लोकार्पण किया गया। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने पवित्र शिप्रा तट पर इस विशेष गीत का अनावरण किया। यह रचना डॉ. यादव के व्यक्तित्व और उनके द्वारा किए जा रहे कार्यों पर केंद्रित है। गीत के प्रस्तुतकर्ता भाजयुमो के पीयूष चौहान हैं। इसके बोल गीतकार शिवेंद्र शर्मा ने लिखे हैं और संगीत रजत याग्निक ने तैयार किया है। गायक प्रेम व्यास ने इस गीत को अपनी आवाज दी है।

## इंदौर-बैतूल हाईवे पर बस में लगी आग टायर फटने के बाद उठीं लपटें

**दैनिक इंदौर संकेत**

**देवास** • जिले में इंदौर-बैतूल नेशनल हाईवे पर बुधवार दोपहर एक नई बस में अचानक आग लग गई। कन्नौद और कलवार के बीच घाट सेक्शन पार करते ही बस का टायर फट गया, जिससे अगले हिस्से में भीषण आग लग गई। गनीमत रही कि बस में कोई यात्री सवार नहीं था और चालक-हेल्पर समय रहते सुरक्षित बाहर निकल आए। हादसे के वक्त बस के ठीक पीछे पुलिस का वाहन चल रहा था। पुलिसकर्मियों ने तत्काल बस को रुकवाया और हाईवे पर दोनों ओर से यातायात रोक दिया। सूचना मिलते ही कन्नौद से दमकल की गाड़ी मौके पर पहुंची और समय रहते आग पर काबू पा लिया।



क्षेत्र में तापमान 43 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच चुका है। थाना प्रभारी तहजीब काजी ने बताया कि घाट सेक्शन खत्म होने के बाद सीसी रोड पर तेज गर्मी और घर्षण के कारण टायर पर दबाव बढ़ा और वह फट गया। टायर फटने के तुरंत बाद अगले हिस्से से लपटें उठने लगी थीं। यह बस पीथमपुर से कटक (ओडिशा) ले जाई जा रही थी। नई बस होने के कारण इसमें केवल ड्राइवर और एक हेल्पर मौजूद थे। आग बुझने के बाद पुलिस ने हाईवे पर बाधित हुए यातायात को सुचारू कराया। पुलिस मामले की विस्तृत जांच कर रही है।

## माता टेकरी पर फिर आग लगी, नाथ समाधि के पास लगी आग पर 20 मिनट में काबू

**दैनिक इंदौर संकेत**

**देवास** • माता टेकरी पर गुरुवार दोपहर एक बार फिर आग लगने की घटना सामने आई। यह घटना नाथ समाधि के पास हुई, जिस पर समिति सदस्यों और स्थानीय लोगों ने 15 से 20 मिनट में काबू पा लिया। नायब तहसीलदार कपिल गुर्जर भी अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे और आग बुझाने में सहयोग किया। आग अचानक भड़क उठी, जिससे कुछ देर के लिए अफरा-तफरी का माहौल बन गया। यह उल्लेखनीय है कि टेकरी पर पहले भी आग लगने की बड़ी घटनाएं हो चुकी हैं, जिनमें काफी नुकसान हुआ था। हालांकि, इस बार समय रहते आग पर नियंत्रण पा लिया गया, जिससे एक बड़ा हादसा टल गया। नायब तहसीलदार कपिल गुर्जर ने बताया कि आग छोटी थी और लगभग 10 से 15 मिनट में उस पर काबू पा लिया गया। उन्होंने यह भी जानकारी दी कि टेकरी की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर प्रशासन द्वारा एक योजना तैयार कर ली गई है, जिसे जल्द ही लागू किया जाएगा।



**हर साल गहराते जलसंकट से सूझा ट्रीटेड पानी का उपयोग, सख्ती कायम रखें तो बचेगा भूजल**

# निगम ने 8 साल में नदी-नालों में बहाया करोड़ों लीटर ट्रीटेड पानी, 300 में से 40 एमएलडी ही कर पा रहे उपयोग

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** • शहर में हर साल गहराते भूजल संकट के बीच अब ट्रीटेड वॉटर को भूजल बढ़ाने के बड़े विकल्प के रूप में देखा जा रहा है। नगर निगम और जल विशेषज्ञों का मानना है कि यदि सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) से निकलने वाले पानी का वैज्ञानिक तरीके से उपयोग किया जाए तो आने वाले वर्षों में शहर के जलस्तर में उल्लेखनीय सुधार हो सकता है।

2022 से धूल खा रही कमर्शियल उपयोग योजना-नगर निगम के अधिकारियों का मानना है कि ट्रीटेड वॉटर के उपयोग से बड़ी मात्रा में पानी बचाया जा सकता है और शहर को जल संरक्षण की दिशा में आत्मनिर्भर बनाया जा सकता है। वर्ष 2022 में तत्कालीन निगम आयुक्त प्रतिभा पाल द्वारा ट्रीटेड वॉटर रियूज योजना तैयार की गई थी, लेकिन अब तक यह फाइल निगम कार्यालय में लंबित पड़ी हुई है। विशेषज्ञों का कहना है कि ट्रीटेड पानी का उपयोग केवल जलसंकट के समय तक सीमित नहीं रहना चाहिए, बल्कि इसे स्थायी व्यवस्था के रूप में लागू किया जाना चाहिए।

### औद्योगिक और घरेलू उपयोग के लिए बनेगी नई योजना

निगमायुक्त क्षितिज सिंघल ने बताया कि शहर में स्थापित एसटीपी प्लांट घरेलू सीवेज को ट्रीट कर प्रतिदिन बड़ी मात्रा में पानी तैयार कर रहे हैं। यह पानी औद्योगिक उपयोग, गार्डन सिचाई, निर्माण कार्य और भूजल रिचार्ज के लिए उपयोग किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि नगर निगम अब ट्रीटेड वॉटर के बेहतर उपयोग के लिए नई कार्ययोजना तैयार कर रहा है। इसके तहत बड़े गार्डनों, औद्योगिक क्षेत्रों और निर्माण परियोजनाओं में ट्रीटेड वॉटर की अनिवार्य सप्लाई पर विचार किया जा रहा है। साथ ही रिचार्ज संरचनाओं के माध्यम से पानी को जमीन में उतारने की योजना भी बनाई जा रही है।



**करोड़ों लीटर ट्रीटेड पानी नालों में बहाया**

इंदौर शहर से प्रतिदिन निकलने वाले लगभग 390 एमएलडी (मिलियन लीटर प्रतिदिन) सीवरेज वॉटर को ट्रीट करने के बाद करीब 300 एमएलडी ट्रीटेड वॉटर तैयार हो रहा है, लेकिन इसका उपयोग 40 एमएलडी तक भी नहीं पहुंच पा रहा। पिछले सात वर्षों से नगर निगम के कबीटखेड़ी स्थित सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट में इस पानी को ट्रीट किया जा रहा है, लेकिन उपयोग नहीं होने के कारण इसे पास के नालों और खान नदी में बहाया जाता रहा है। साल 2018 से अब तक करोड़ों लीटर ट्रीटेड पानी नालों और नदी में बहाया जा चुका है। इस बार शहर में जलसंकट और अधिक गंभीर हो गया है। कई इलाकों में बोरिंग सूख चुके हैं, जिसके बाद अब ट्रीटेड पानी के उपयोग को गंभीरता से लिया जा रहा है।

### पर्यावरण संरक्षण में भी होगा लाभ

विशेषज्ञों का कहना है कि ट्रीटेड पानी का उपयोग न केवल भूजल संकट कम करेगा, बल्कि खान नदी और अन्य नालों में प्रदूषण घटाने में भी मदद करेगा। यदि इस पानी को सूखते तालाबों, स्टॉपडैम और रिचार्ज कुओं तक पहुंचाया जाए तो भूजल स्तर तेजी से सुधर सकता है। यदि 50 प्रतिशत हिस्सा भी भूजल रिचार्ज में उपयोग हो तो पांच वर्षों में जलस्तर में सुधार दिखेगा।

### संकट खत्म होने के बाद भी जारी रहे उपयोग

पर्यावरणविद् ओपी जोशी का कहना है कि शहर के सभी उद्यानों में ट्रीटेड पानी का उपयोग अनिवार्य किया जाना चाहिए। गार्डनों में बोरिंग के पानी के उपयोग को रोकने के लिए अलग सिस्टम तैयार किया जाना जरूरी है। उन्होंने कहा कि जलसंकट समाप्त होने के बाद भी शहर के उद्यानों में टैंकरों के माध्यम से प्रतिदिन ट्रीटेड वॉटर पहुंचाने की व्यवस्था जारी रखी जाएगी, ताकि भूजल दोहन कम हो सके। जहां एसटीपी प्लांट हैं, वहां आसपास के गार्डनों तक ट्रीटेड वॉटर पाइपलाइन बिछाने की योजना बनाई जा रही है। इसके अलावा शहर के सभी वॉशिंग सेंटरों को भी अनिवार्य रूप से ट्रीटेड पानी उपयोग करना होगा।

**टाउनशिप मॉडल से मिल रही सीख**

शहर की कुछ टाउनशिप ट्रीटेड वॉटर रियूज और भूजल संरक्षण के क्षेत्र में बेहतर काम कर रही हैं। शालीमार टाउनशिप के सेल्स हेड आनंद शर्मा के अनुसार उनकी किसी भी टाउनशिप में व्यक्तिगत बोरिंग की अनुमति नहीं दी जाती। यहां कॉमन बोरिंग और नर्मदा के बल्क कनेक्शन से पानी सप्लाई किया जाता है। प्रत्येक घर के लिए पानी की सप्लाई 500 से 1000 लीटर तक निर्धारित है। साथ ही हर टाउनशिप में एसटीपी प्लांट स्थापित किए गए हैं, जहां सीवरेज वॉटर को ट्रीट कर दोबारा टॉयलेट फ्लश और गार्डन में उपयोग किया जा रहा है। इससे प्रतिदिन करीब 80 हजार से 1 लाख लीटर पानी की बचत हो रही है।

# हनी ट्रैप पार्ट 2 : ब्लैकमेलिंग के लिए रेशू बनी थी डॉल्फिन, करीबी के शामिल होने का शक

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** • मध्यप्रदेश के हनी ट्रैप पार्ट टू की मुख्य किरदार रेशू चौधरी को लेकर नए-नए राज सामने आ रहे हैं। इस मामले में अब एक और खुलासा हुआ है। रेशू चौधरी रईसजादों को फंसाने और ब्लैकमेलिंग के लिए विविध डेटिंग एप पर डॉल्फिन नाम से सक्रिय थी। एमपी के हनी ट्रैप पार्ट 2 के सभी सातों आरोपी जेल में हैं। इसमें रेशू चौधरी के साथ ही हनी ट्रैप पार्ट वन की भी आरोपी रही श्वेता विजय जैन भी शामिल हैं। साथ ही लेडी शराब तस्कर अलका दीक्षित, उसका बेटा जयदीप, करीबी लाखन चौधरी, जितेंद्र पुरोहित, हेड कांस्टेबल विनोद शर्मा भी हैं।

सात मोबाइल क्राइम ब्रांच की जब्ती में हैं। इन्हें फॉरेंसिक लैब में जांच के लिए भेजा जा रहा है।




उधर रेशू के कई राज एक-एक कर सामने आ रहे हैं।

**डॉल्फिन एप से ब्लैकमेलिंग का खेल**-मुख्य किरदार रेशू चौधरी को लेकर एक और मामला सामने आया है। रेशू सोशल मीडिया के जरिए और डेटिंग ऐप्स पर डॉल्फिन नाम से रईसजादों को फंसाती थी। आशंका है कि यहीं से ब्लैकमेलिंग का खेल शुरु हुआ था। इसके बाद वह श्वेता जैन के संपर्क में आई और फिर अलका दीक्षित के साथ जुड़ी। इस तरह तीनों की तिकड़ी ने मिलकर बड़े रसूखदार नेता, अधिकारी और कारोबारियों को फंसाना शुरू कर दिया था। सालों तक तीनों ने कई लोगों के वीडियो बनाए और ब्लैकमेलिंग की। इसमें दिल्ली से लेकर एमपी तक के बड़े लोगों के नाम शामिल होने की आशंका है।

**डॉल्फिन नाम से करती थी अश्लील बातें**-ससुराल पक्ष ने कहा कि रेशू के पति महेंद्र को मस्कट में इसकी भनक लगी थी कि, रेशू ने सोशल मीडिया पर डॉल्फिन नाम से एक गुप्त प्रोफाइल बना रखी है। जब महेंद्र ने उसकी चैट्स देखीं तो वह डॉल्फिन बनकर अनजान पुरुषों से अश्लील और संदेहास्पद चैटिंग करती थी। कुछ माह बाद ही वह पति को छोड़कर भारत लौट आई और डेटिंग ऐप्स पर एक्टिव हो गई। वहीं रेशू के ससुर ने उसके एक रिश्ते के भाई की भूमिका पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा कि इंदौर पुलिस अगर इस एंगल पर जांच करे तो हनीट्रैप स्कैंडल से जुड़े की कई कड़ियां जुड़ सकती हैं।

# पूर्व जज गिरीबाला सिंह जमानत बचाने बोलीं- ट्विशा अम्मा बोलती थी, मदर्स डे पर दिया था लेटर

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**भोपाल** • भोपाल के चर्चित ट्विशा शर्मा केस में पूर्व जज गिरीबाला सिंह की अग्रिम जमानत हाईकोर्ट ने रद्द कर दी। कोर्ट ने पोस्टमार्टम रिपोर्ट, जांच में सहयोग नहीं करने और साक्ष्यों से छेड़छाड़ की आशंका को गंभीर माना है। अब सीबीआई कभी भी गिरफ्तारी कर सकती है।

जबलपुर हाईकोर्ट ने सुनवाई के बाद बुधवार रात फैसला जारी करते हुए पूर्व जज गिरीबाला सिंह की अग्रिम जमानत रद्द कर दी। जिला कोर्ट के आदेश में कई खामियां पाई गईं। इसके बाद शासन का पक्ष सुनने के बाद जमानत रद्द कर दी गई। अब सीबीआई उन्हें किसी भी वक्त गिरफ्तार कर सकती है। वहीं, इस जमानत को बचाने के लिए पूर्व जज ने हर तरह के दांव चले। खासकर इसमें ट्विशा शर्मा के पुराने लेटर और फोटो का उपयोग कर सेंटीमेंटल कार्ड खेला गया। हालांकि यह दांव चला नहीं।



**मुझे तो अम्मा बोलती थी ट्विशा - गिरीबाला**-गिरीबाला सिंह ने 80 से ज्यादा पन्नों में अपना जवाब हाईकोर्ट जबलपुर में पेश किया। इसमें उन्होंने ट्विशा के साथ मदर्स डे की फोटो और उनके लेटर का भी उपयोग किया। इसमें गिरीबाला सिंह ने कहा कि ट्विशा तो मुझे अम्मा कहती थी और मुझे बहुत प्यार करती थी। मदर्स डे (10 मई) पर उसने मुझे भावुक पत्र भी दिया था। ऐसे में मैं उसकी मौत के लिए जिम्मेदार कैसे हो सकती हूं?

**लेटर में यह लिखा हुआ है**-गिरीबाला सिंह द्वारा हाईकोर्ट में लगाए गए ट्विशा के लेटर में पांच लाइनें लिखी हैं और साथ ही फोटो भी लगाई गई है। इसमें गिरीबाला और ट्विशा साथ में खड़े हैं। गिरीबाला के हाथ में वह पत्र है, जो मदर्स डे पर दिया गया था। पत्र में लिखा है कि प्रिय अम्मा, आपको जानना एक खूबसूरत सफर रहा है। मैंने आपसे मुश्किल समय में भी गरिमा बनाए रखना, सकारात्मक रहना और लोगों को बिना शर्त प्यार करना सीखा है।

# वोल्टेज फ्लक्चुएशन और पावर फैक्टर पर पेनल्टी

### विद्युत पीक्यू मीटर का हो रहा भारी विरोध

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** • एसोसिएश ऑफ इंडस्ट्रीज मप्र की मासिक बैठक में आधुनिक पीक्यू मीटर का उद्योगपतियों ने विरोध किया। एसोसिएशन के सचिव तरूण व्यास ने बताया कि उद्योगों पर पड़ रहे आर्थिक भार के विरोध में औद्योगिक संगठनों और उद्यमियों ने बिजली वितरण कंपनियों द्वारा लगाए जा रहे आधुनिक पीक्यू मीटर और स्मार्ट मीटर प्रणाली का कड़ा विरोध किया है। गुरुवार को संगठन कार्यालय में हुई बैठक में उद्यमियों ने एक स्वर में इन मीटरों को उद्योगों के लिए आर्थिक बोझ बताते हुए इसके

विरोध में एक संघर्ष समिति का गठन किया है जिसके संयोजक सतीश मित्तल को बनाया गया है। उन्होंने बताया कि नए पीक्यू मीटर सामान्य वोल्टेज फ्लक्चूएशन और पावर फैक्टर को भी भारी पेनल्टी के रूप में दर्ज कर रहे हैं। जिससे कई कारखानों का बिजली बिल अप्रत्याशित रूप से दोगुना तक हो रहा है। मप्र देश का तीसरा राज्य है जहां यह मीटर लगाने की कवायद चल रही है, पंजाब व तमिलनाडू में 2500 किलोवॉट के ऊपर इसे लागू किया है, जबकि मप्र में 100 किलोवाट पर लगाया जा रहा है। इसके लिए प्रदेश में दो कंपनियों को अधिकृत किया है।

**नियामक आयोग में दर्ज कराएंगे आपत्ति**-एसोसिएशन द्वारा पीक्यू मीटर स्थापना पर तत्काल रोक लगाये जाने का अनुरोध करते हुए विद्युत नियामक आयोग में आपत्ति दर्ज कराई जा रही है। यदि वहां सुनवाई नही होती है तो एसोसिएशन हाईकोर्ट भी जा सकता है। उद्योगपतियों ने कहा कि यदि जल्द ही इस समस्या का समाधान नहीं हुआ तो प्रदेश के समस्त औद्योगिक संगठनों को आंदोलन की राह पकडना पड़ेगी।

**निर्माणाधीन सड़कों का निर्माण शीघ्र करने के दिए निर्देश**

# मंत्री ने आईडीए सीईओ और प्रोजेक्ट डायरेक्टर एनएचएआई के साथ किया निरीक्षण

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** • जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट ने गुरुवार को इंदौर विकास प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालन अधिकारी परीक्षित झाडे और प्रोजेक्ट डायरेक्टर भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण प्रदीप यादव के साथ सांवेर विधानसभा के कनाडिया और बायपास में निर्मित हो रही टीपीएस 4 और 5 की सडकों एवं भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण द्वारा निर्मित की जा रही 17 किलोमीटर सड़क का निरीक्षण किया और वर्तमान कार्य प्रगति और उक्त योजनाओं के संबंध में भविष्य में होने वाले विकास कार्यों की समीक्षा की। मंत्री सिलावट ने



इस संबंध में बताया कि सांवेर विधानसभा क्षेत्र अन्तर्गत विकास प्राधिकरण की नगर विकास योजना क्रमांक 4 और 5 में सड़क निर्माण सहित अन्य विभिन्न विकास कार्य चल रहे हैं, जिनका अवलोकन कर उन्हें शीघ्र समय सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिये। मंत्री सिलावट ने कनाडिया अहिल्या बावडी के पास में गार्डन का निर्माण करने एवं योजनान्तर्गत सड़क निर्माण में बाधक एवं अतिक्रमणों को बारिश के पूर्व हटाकर शीघ्र निर्माण करने के निर्देश दिये।

**सैकडों लोगों को लाभ होगा**-मंत्री सिलावट ने बताया कि कनाडिया क्षेत्र में भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण द्वारा इंदौर से राधवगढ सडक का निर्माण किया जा रहा है, जिसमें सांवेर विधानसभा की 17 किलोमीटर सड़क भी शामिल है। इन सडकों का निर्माण हो जाने से सांवेर के ग्राम कनाडिया, बेगमखेडी, खेमाना, आक्या, सेमलियाचाउ, सहित एक दर्जन से अधिक ग्रामों के सैकडों लोगों का लाभ होगा। मंत्री सिलावट ने इन सडकों का निर्माण कार्य शीघ्र पूर्ण कर लोकार्पण करने एवं दोनों मुख्य मार्गों एवं 6 पुल-पुलियाओं पर वृक्षारोपण करने के निर्देश दिये।

**स्कूल शिक्षा मंत्री की नोटशीट पर विभाग प्रस्ताव कर रहा तैयार, 23 जून से खुल सकते हैं स्कूल**

# प्रदेश के चार लाख शिक्षकों को राहत अब 15 जून तक रहेगा ग्रीष्म अवकाश

**■ मप्र शिक्षक संघ ने शिक्षा मंत्री से मुलाकात कर उन्हें हालातों के बारे में कराया था अवगत**

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**भोपाल** • मध्य प्रदेश में 1 जून से खुलने जा रहे स्कूलों को लेकर चिंतित टीचरों के लिए राहत भरी खबर आई है। अब इनका ग्रीष्म अवकाश 30 की बजाय 15 जून तक बढ़ाया जाएगा। इस संदर्भ में शिक्षा मंत्री राव उदय प्रताप सिंह ने शिक्षा विभाग को नोटसीट भेजी है। इसमें उल्लेख किया गया है कि जबरदस्त तापमान वृद्धि को लेकर सत्र में वृद्धि की जाए। अब इस विषय पर डिपार्टमेंट में प्रस्ताव तैयार हो रहा है। वहीं अब सरकारी स्कूल 23 जून को खुलने की संभावना है। इस संबंध में बुधवार की देर शाम मध्य प्रदेश शिक्षक संघ द्वारा शिक्षा मंत्री से मुलाकात की गई थी। संघ ने उन्हें प्रदेश के हर भौगोलिक हालातों के बारे में विस्तार से अवगत कराया था। मंत्री को बताया गया कि 1 जून से यदि स्कूल खुलते हैं तो बड़ा संकट खड़ा हो सकता है। क्योंकि प्रदेश में अधिकांश स्कूलों में कूलर पंखों की व्यवस्था नहीं है। ठंडे पानी के भी कोई इंतजाम नहीं हैं। नलकूप सूख चुके हैं तो 45 डिग्री से अधिक तापमान में निकलना सीधे तौर पर बीमारियों के आगोश में पहुंचना है। कई शिक्षक ऐसे हैं, जो पूर्व से अनेक बीमारियों की चपेट में है।

इन सभी पक्षों को सुनने के बाद ही मंत्री राव उदय प्रताप सिंह ने विभाग को नोटशीट लिखी है। शिक्षकों ने 1 जुलाई से स्कूल खोलने की मांग की है लेकिन शिक्षा मंत्री इस बात से सहमत नहीं हैं।



क्योंकि जून के दूसरे सप्ताह से ही मानसून आने की संभावनाएं बढ़ रही है। इसलिए 1 जून की बजाय 15 जून तक सत्र बढ़ाया जा सकता है। जानकारी है कि एक या दो दिन में इस संबंध में आदेश जारी हो जाएंगे।

**सत्र पर नहीं पड़ेगा कोई असर**-शिक्षकों के ग्रीष्म अवकाश 30 मई को समाप्त हो रहे हैं। इन्हें 1 जून से स्कूलों में पहुंचना है, जबकि बच्चों की छुट्टियां 15 जून तक हैं। शिक्षा विभाग में अधिकारियों का कहना है कि यदि सत्र 15 या 30 जून तक भी बढ़ाया जाता है तो स्कूलों की व्यवस्थाओं पर कोई असर नहीं पड़ेगा। क्योंकि स्कूलों में मुख्य काम हो चुके हैं। अब पांचवीं आठवीं की दूसरी परीक्षा से जो बच्चे उत्तीर्ण होकर आएंगे उन्हीं को साइकिल वितरित की जानी है। अब सिर्फ शिक्षकों को कक्षाओं में बच्चों की पढ़ाई करवाना है। इसलिए 1 जुलाई से भी स्कूल खुलते हैं तो कोई दिक्कत नहीं होगी।

**स्कूल में पढ़ा रहे शिक्षक हो चुके शिक्षक सेवा में**-प्रदेश के सरकारी स्कूलों में पदस्थ शिक्षकों की जानकारी को लेकर एजुकेशन पोर्टल 3.0 में बड़ी गड़बड़ियां सामने आई हैं। कई ऐसे शिक्षक जो वर्तमान में स्कूलों में कार्यरत हैं, उन्हें पोर्टल में मृत या रिटायर्ड दर्शा दिया गया है। वहीं जिन शिक्षकों की मृत्यु हो चुकी है या जो सेवानिवृत्त हो चुके हैं, उन्हें अब भी कार्यरत बताया गया है। मामले को गंभीरता से लेते हुए आयुक्त लोक शिक्षण संचालनालय ने सभी जिला शिक्षा अधिकारियों को जानकारी का सत्यापन कर त्रुटियां सुधारने के निर्देश दिए हैं।

**80 हजार शिक्षकों जनगणना के को नहीं मिला ग्रीष्म अवकाश का लाभ**

भोपाल। भीषण गर्मी के बीच प्रदेश में 80 हजार शिक्षक जनगणना के कार्य में लगे हुए हैं। विभाग के अनुसार इन्हें अगले साल जनवरी तक इस काम से जोड़ा जाएगा। प्रदेश में बड़ी संख्या में ऐसे शिक्षक हैं, जिन्हें जिलों में कलेक्टर अपने स्तर मतदाता सूची के कार्य में अनवरत रूप से लगाये हुए हैं। स्कूल शिक्षा विभाग के अनुसार प्रदेश में इस समय 80 हजार शिक्षक राष्ट्रीय महत्व के कार्य जनगणना में लगे हुए हैं। जनगणना कार्य में संलग्न जितने शिक्षकों को ग्रीष्म अवकाश का लाभनहीं मिला कराया है।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक : **अक्षय तिवारी** द्वारा मेसर्स डी.बी. कार्प लिमि. 44-45/ए, 50-51/ए, सेक्टर एफ इंडस्ट्रीयल एरिया, सांवेर रोड़, इंदौर (मप्र)- 452008 से मुद्रित एवं 5/6, नार्थ राजमोहल्ला (गुरूद्वारे के सामने), इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। **आरएनआई - एमपीएचआईएन/2021/81650**
सभी विवादों के लिए न्याय क्षेत्र केवल इंदौर रहेगा। समाचार पत्र में व्यक्तिगत नाम से प्रकाशित खबर एवं आलेख के लिए वे स्वयं जिम्मेदार होंगे।